दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 315 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 12 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 2.00 रुपए पृष्ठ : 8

# युवाओं के सपनों को साकार कर रहे भजनलाल शर्मा, सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में धड़ाधड़ लग रही नौकरियां

**पेपरलीक पर प्रभावी रोकथाम, पारदर्शिता के साथ 296 प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित, करीब 1 लाख सरकारी नौकरियां लग चुकी, डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां सरकारी प्रक्रिया में**

जयपुर टाइम्स





**चूरू(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद युवा है और युवाओं के सपनों को साकार करने में पिछले दो साल में उन्होंने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है पिछली कांग्रेस पार्टी के शासनकाल के दौरान दो दर्जन सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने की वजह से प्रदेश के युवाओं की नौकरियां नहीं लग पाई लेकिन पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने सरकारी क्षेत्र में करीब 100000 युवाओं की नौकरियां विभिन्न क्षेत्रों में लग चुकी हैं और करीब डेढ़ लाख सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हर साल 100000 सरकारी नौकरी देने का वादा किया था इस तरह से पूरे 5 साल में 5 लाख सरकारी नौकरी देने के वादे को वे पूरी गंभीरता से निभा रहे हैं इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी प्रदेश के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने के बाबत नियमित तौर पर प्रभाव बनाए हुए हैं इसलिए स्किल डेवलपमेंट और अन्य तरीकों से भी निजी क्षेत्र में पिछले 2 साल में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिला है यही वजह है कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में खून के आंसू रोने वाले युवाओं के चेहरों पर अब चमक आ गई है और बेरोजगार युवा दुगने उत्साह से कंपटीशन एग्जाम की तैयारी भी कर तैयारी भी कर रहा है क्योंकि पिछले 2 साल में एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ इसलिए प्रदेश के युवाओं में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नए हीरो मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित होते जा रहे हैं। राज्य सरकार ने दो वर्षों में भर्ती परीक्षाओं के आयोजन को पारदर्शी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गठित एसआईटी की सक्रिय भूमिका ने भर्ती परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों पर न केवल प्रभावी अंकुश लगाया बल्कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर परीक्षा प्रणाली के प्रति युवाओं के विश्वास को भी बढ़ाया है। आज प्रदेश की भर्ती परीक्षा प्रणाली पूर्ण रूप से सुरक्षित बन रही है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि एसआईटी के गठन के बाद से राजस्थान लोक सेवा आयोग राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड और अन्य भर्ती बोर्डों द्वारा 6 नवंबर 2025 तक कुल 296 छोटी-बड़ी परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार की अनेक भर्ती परीक्षाएं तथा विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा आयोजित परीक्षाएं भी बिना किसी अनियमितता के सुचारू रूप से संपन्न हुईं।

## एसआईटी की सक्रियता से परीक्षा प्रणाली हुई सुरक्षित :

वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भर्ती प्रणाली में विश्वसनीयता लौटी है। इसमें एसआईटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। एसआईटी की सक्रियता से पूरे तंत्र में अभूतपूर्व बदलाव आया है। परीक्षा लीक गिरोहों और नकल माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर एसआईटी ने परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित बनाया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पेपरलीक के मामलों की त्वरित जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए 16 दिसंबर 2023 को एसआईटी का गठन किया था।एसआईटी के गठन के पश्चात डमी अभ्यर्थियों फर्जी डिग्री और भर्ती परीक्षा संबंधी अन्य अनियमितता के संबंध में पुलिस थाना एसओजी ने 6 नवंबर 2025 तक कुल 138 एफआईआर दर्ज की हैं। इन सभी प्रकरणों में अब तक कुल 394 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जो संगठित अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को दर्शाता है।


## हाई-प्रोफाइल मामलों में निर्णायक कार्रवाई

एडीजी बंसल ने बताया कि एसआईटी ने बड़े और हाई-प्रोफाइल मामलों में भी निर्णायक कार्रवाई की है। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में गड़बड़ी करने के आरोप में आरपीएससी के एक निलम्बित सदस्य और एक पूर्व सदस्य को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में कुल 132 आरोपी गिरफ्तार किए गए जिनमें 61 प्रशिक्षणरत उप निरीक्षक और 6 चयनित उपनिरीक्षक सहित 67 उप निरीक्षक शामिल हैं। इसके अलावा जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2018 में पेपर लीक के मुख्य आरोपी टीसीएस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर जगजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। युवाओं को सरकारी नौकरियों का इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए आरपीएससी और आरएसएसबी द्वारा परीक्षाओं का विस्तृत कैलेंडर जारी किया जा रहा है। इससे युवाओं को बड़ी राहत मिली है। अब वे परीक्षाओं की योजनाबद्ध तैयारी कर सकते है।

# भजनलाल ने प्रवासी राजस्थानियों का दिल और विश्वास दोनों जीता, सरकार के कार्यों औरव्यवहार से हुए काफी प्रभावित

**गुरुवार को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर देश और दुनिया के प्रवासी राजस्थानियों से आमने-सामने बैठकर देर तक की बातचीत, मुख्यमंत्री शर्मा के व्यवहार और उनकी वर्किंग स्टाइल की मेहमानों ने की खूब तारीफ**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** देश और दुनिया से आए प्रवासी राजस्थानी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के व्यवहार उनकी कार्यशैली और उनकी ओर से राजस्थान में उद्योगों का माहौल बनाने के लिए किए गए। सतत प्रयासों और नवाचारों से काफी प्रभावित और खुश दिखे मुख्यमंत्री शर्मा ने बुधवार को प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में विभिन्न विषयों पर आयोजित सत्र में प्रभावपूर्ण तरीके से भाषण देकर प्रवासी राजस्थानियों को भरोसा दिलाया कि राजस्थान में उन्हें जो फायदा होगा वह फायदा हिंदुस्तान में और किसी स्टेट में इन्वेस्ट करने से नहीं होगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने सरकार की ओर से प्रदेश में उद्योगो का माहौल तैयार करने के लिए बनाई गई नीतियों की भी जानकारी दी उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों के लिए अलग से विभाग स्थापित करके प्रवासी राजस्थानियों की हर समस्या के निस्तारण करने का भरोसा दिलाया और प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं बढ़कर प्रवासी राजस्थानियों को मायड़ और माटी से जोड़ने का जो अधिक प्रयास किया उसकी प्रशंसा भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हो रही है इतना ही नहीं गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री आवास पर देश और दुनिया के प्रवासी राजस्थानियों से आमने-सामने बैठकर बातचीत की उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें एक बार फिर से यह भरोसा दिलाया कि राजस्थान सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है यहां किसी भी तरह की उन्हें परेशानी नहीं होने देगी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री की व्यवहार उनकी सादगी और उनके निर्णय लेने की क्षमता की प्रवासी राजस्थानियों ने खूब तारीफकी जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री शर्मा ने दिल्ली सूरत कोलकाता मुंबई बेंगलुरु न्यूयॉर्क टोक्यो लंदन दुबई सिंगापुर म्यूनिख इत्यादि देश और दुनिया के प्रवासी राजस्थानियों से काफी देर तक मुलाकात की मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रत्येक प्रवासी राजस्थानी से राजस्थान में इन्वेस्ट को लेकर चर्चा के दौरान उनसे उनकी समस्याओं और उनकी इच्छाओं आकांक्षाओं के बारे में भी पूछा और प्रवासी राजस्थानियों की ओर से बताई गई। समस्याओं के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री शर्मा ने तुरंत ही उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या का निदान होगा मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा ने गुरुवार को एक बार फिर से प्रवासी राजस्थानियों को कहा कि यहां पर हर क्षेत्र में और प्रदेश के हर जिले में विकास की अपार संभावनाएं हैं और सरकार ने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल एरिया विकसित किया है और राइजिंग राजस्थान के तहत जो समझौते हुए हैं उन समझौता में हर सप्ताह किसी न किसी को प्रदेश में जमीन का आवंटन भी किया जा रहा है उन्होंने कहा कि जिस तरह से राइजिंग राजस्थान के समझौते सरकार धरातल पर ला रही है ठीक उसी तरह से आपकी ओर से यहां किए गए प्रत्येक समझौते को भी उसी अंदाज में और इस फुर्ती से धरातल पर लाया जाएगा मुख्यमंत्री शर्मा ने देश और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम कमा रहे इन प्रवासी राजस्थानियों को यहां गुरुवार को एक बार फिर से परिवार सहित साल में दो बार राजस्थान आने को कहा मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि आपके बच्चे भी राजस्थान की माटी सभ्यता संस्कृति और अपनी-अपने पूर्वजों की जमीन को हमेशा दिल से याद रखें इसके लिए अगर आप राजस्थान में अपनी इंडस्ट्री लगाओगे तो निश्चित रूप से उनका यहां आने जाने का सिलसिला भी बना रहेगा और वह अपने पुरखों की जमीन से जुड़े रहेंगे सामाजिक सरोकारों के कार्यों में भी भूमिका निभाने से उनकी एक अलग ही पर्सनालिटी निखरकर सामने आएगी मुख्यमंत्री शर्मा का सहज सरल व्यवहार और उनके बुद्धि कौशल और निर्णय लेने कि उनकी असीम क्षमता ने प्रवासी राजस्थानियों को काफी प्रभावित किया इसीलिए इस बार का यह आयोजन प्रदेश के विकास का एक अलग अध्याय लिखने जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को भी प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात के दौरान बताया कि राजस्थान सरकार ने 14 नए प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात के दौरान बताया कि राजस्थान सरकार ने प्रवासी राजस्थानियों के लिए 14 नए चैप्टर स्थापित किए हैं। इस तरह से अब टोटल 40 चैप्टर हो गए हैं प्रवासी राजस्थानी विभाग की स्थापना प्रवासी राजस्थान नीति लागू करना और प्रवासी राजस्थानियों की समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के सीनियर अधिकारियों को जिम्मेदारी सुनिश्चित करना जैसी नई व्यवस्थाओं की जानकारी देकर प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश में इन्वेस्ट करने के लिए प्रेरित किया जिसमें इस बार भजनलाल सरकार को शानदार सफलता भी मिली है क्योंकि इस बार जो भी मेहमान यहां आया वह इन्वेस्ट करने के मूड में दिखा।

# पर्यटन के क्षेत्र में 2 साल में ऐतिहासिक कार्य हुए, शिल्पग्राम को बड़ा केंद्र बनाएंगे : दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश ने पर्यटन के क्षेत्र में पिछले 2 साल में ऐतिहासिक कार्य किए हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन में राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में कई बड़े निर्णय और कई बड़े नवाचार किए गए जिसकी वजह से प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र को लगातार गति और विस्तार दिया जा रहा है। इसके लिए एक तरफ जहां प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों और मंदिरों को विकसित करके उन्हें नया रूप देकर देश और विदेश के पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ राजस्थान के परंपरागत मेले त्यौहार उत्सव खानपान वेशभूषा लोक नृत्य लोक संगीत इत्यादि सभी को पर्यटन से सीधा जोड़कर देश और दुनिया के पर्यटकों को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है और इस कार्य में सरकार को काफी सफलता भी मिल रही है दिया कुमारी ने गुरुवार को शासन सचिवालय में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ विशेष बैठक का आयोजन किया और इस बैठक में पर्यटन को और गति देने की आवश्यकता पर सामूहिक चर्चा की इसके लिए राजस्थान की पारंपरिक सभ्यता विरासत और स्मृतियों से जुड़ी विभिन्न हवेलियां प्राचीन स्मारकों बावड़ियों इत्यादि के संरक्षण और विकसित करने की आवश्यकता पर और गंभीरता से कार्य करने को कहा है इसके अलावा जवाहर कला केंद्र में शिल्पग्राम को लोक परंपरा का एक बड़ा केंद्र बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया दिया कुमारी का कहना है कि राजस्थान पहले से ही देश और दुनिया में ऐतिहासिक किलों महल झील इत्यादि के लिए मशहूर है इसीलिए हर साल यहां बड़ी संख्या में पर्यटक देश और दुनिया से घूमने आते हैं और पिछले दो साल में राजस्थान में विभिन्न पर्यटन स्थलों को विकसित करने में और उन्हें प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया भर में शानदार और प्रभावी पूर्ण तरीके से प्रचारित और प्रसारित भी प्रचारित किया है। इसी का नतीजा है कि पिछले दो सालों में यहां बड़ी संख्या में देश और दुनिया से पर्यटक आए हैं उन्होंने कहा कि इसके लिए विभिन्न देशों के पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों और विभिन्न देशों के सरकारी प्रतिनिधियों से भी सरकार नियमित रूप से बातचीत करके प्रदेश के पर्यटन को गति दे रही है जिसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं

# विधायक रूबी हिरासत में, तनावपूर्ण स्थिति में किसानों से बातचीत जारी, बड़े अधिकारियों ने डेरा डाला

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** प्रदेश के हनुमानगढ़ के टिब्बी में इथेनॉल फैक्ट्री को लेकर बुधवार को हुई हिंसा की घटना के बाद पुलिस और प्रशासन के बड़े अधिकारियों ने मौके पर डेरा डाल दिया है। टिब्बी थाने पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है इसके अलावा आंदोलनकारी किसानों के बीच भी लगातार आपस में मीटिंग का दौरा चल रहा है। इस दौरान गुरुवार को प्रशासन की ओर से आंदोलनकारी किसानों को बातचीत के लिए बुलाया खबर लिखे जाने तक एसडीएम कार्यालय परिसर में पुलिस प्रशासन और आंदोलनकारी किसानों के प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत जारी एक तरफ आंदोलनकारी किसान प्रशासन से बातचीत कर रहे थे तो दूसरी तरफ अगर बातचीत में समझौता नहीं होता है तो फिर आगे की रणनीति तैयार करने के लिए किसानों के बीच लगातार बैठक भी आयोजित हो रही है स्थिति काफी तनावपूर्ण है। हालांकि प्रशासन और पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है लेकिन जिस तरह से किसान अपनी मांग को लेकर अटल हैं और बड़ी संख्या में गुरुवार को भी बड़ी संख्या में किसान धरना स्थल पर मौजूद थे और यहां किसानों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है इसलिए एडीजी क्राइम वीके सिंह संभागीय पुलिस आयुक्त हेमंत शर्मा संभागीय आयुक्त इत्यादि सभी पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं वार्ताओं का दौर जारी है। गुरुवार को जिला कलेक्टर ने आंदोलनकारी किसानों के साथ बातचीत की है बातचीत के दौरान किसानों ने बुधवार को किसानों के खिलाफ दर्ज किए गए मामलों को वापस लेने की बात भी कही है गुरुवार को जो हिंसा हुई थी इस मामले में पुलिस ने 107 लोगों को अरेस्ट किया है इस मामले में दर्ज हुई पुलिस रिपोर्ट में कुछ विधायकों की भी नाम है इसलिए विधायकों से जुड़े मामलों को सीआईडीसीबी को जांच के लिए भेजा गया है बुधवार को फैक्ट्री में आंदोलनकारी की ओर से की गई हिंसक कार्रवाई से फैक्ट्री में भी काफी नुकसान हुआ है। इसलिए फैक्ट्री संचालकों ने भी पुलिस में मामला दर्ज करवाया है गुरुवार को श्रीकरणपुर विधायक रूबी भी आंदोलनकारी किसानों के समर्थन में उनसे मिलने के लिए जा रहे थे जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया इसके अलावा उनके कई समर्थकों को भी हिरासत में लिया गया है। किसानों का कहना है कि वह पिछले कई महीनो से आंदोलन कर रहे थे अपनी समस्या को लेकर प्रशासन को भी अवगत करवाया था लेकिन प्रशासन ने उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया और उनके समस्याओं को सरकार तक भी नहीं पहुंचा इसलिए मजबूर होकर किसानों को फैक्ट्री की तरफ जाना पड़ा। इस पूरे मामले पर प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों के साथ पुलिस ने बुधवार को जो आचरण किया है वह ठीक नहीं है किसान अपनी मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। सरकार को उनकी बात सुनाई चाहिए थी उन्हें विश्वास में लेना चाहिए था लेकिन सरकार ने उन पर आंसू गैस के गोले छोड़ें और लाठियां बरसाई पुलिस का बल प्रयोग ठीक नहीं है लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने का अधिकार है और किसान जिसे अन्नदाता कहा जाता है अगर उसी की नहीं सुनेंगे तो फिर किसकी सुनेंगे।

# लोकसभा में राहुल गांधी के सवालों का मोदी अमित शाह जवाब क्यों नहीं दे रहे : अजय माकन

**प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में के सी वेणुगोपाल, अजय माकन, सुखजिंदर सिंह रंधावा, गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन पायलट टीकाराम जूली और अन्यबड़े नेता बैठक में रहे मौजूद**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोरी को लेकर आयोजित होने वाली कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रव्यापी रैली की तैयारी का जायजा लेने के लिए दिल्ली से केसी वेणुगोपाल और अजय माकन गुरुवार की शाम जयपुर पहुंचे इन दोनों नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ बैठकर दिल्ली की रैली की तैयारी के बारे में जायजा लिया। बैठक में केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, सुखजिंदर सिंह रंधावा, गोविंद सिंह डोटासरा, सचिन पायलट ,टीकाराम जूली, धीरज गुर्जर, दिव्या मदेरणा सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे बैठक में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस की ओर से रैली के मध्य नजर जो तैयारी की है उसके बारे में विस्तार से दिल्ली से आए नेताओं को जानकारी दी और कहा की रैली को लेकर प्रदेश भर के कांग्रेस जनों में जोरदार उत्साह बना हुआ है और राजस्थान से बड़ी संख्या में कांग्रेस जन इस रैली में आएंगे बैठक में दिल्ली से आए नेता केसी वेणुगोपाल और अजय माकन ने साफ कहा कि इस मामले को प्रमुखता से उठाना है और जोर-जोर से प्रदेश के लोगों के बीच नियमित रूप से जाना है और इस मामले की जानकारी देकर लोगों को यह बताना है कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग पर प्रेशर बनाकर मनमाने तरीके से राजनीतिक हितों के लिए कार्य करवा रही है दिल्ली से आए नेताओं ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी मजबूत स्थिति में है और अंता विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की जीत के बाद यह साफ हो गया है कि राजस्थान में भाजपा की सरकार के प्रति लोगों में नाराजगी है इसलिए दिल्ली से आए इन बड़े नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं से कहा कि वे पूरी ताकत से पंचायत राज नगर निकाय और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केसी वेणुगोपाल और अजय माकन ने कहा कि संसद में राहुल गांधी के सवालों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह बिल्कुल भी जवाब नहीं दे रहे पहले चुनाव आयोग एक साल तक मतदान से जुड़ी जानकारी का संकलन रिकॉर्डिंग अपने पास रखता था लेकिन अब उसको 45 दिन तक रखे रहने का ही नया कानून और नियम लाया गया जिसके कारण हरियाणा में भी राहुल गांधी ने जो वोट चोरी का मुद्दा उठाया था। उससे संबंधित रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी गई इन दोनों ही नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को छोड़ेगी नहीं और दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में वोट चोरी के मामले को लेकर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी और पूरे देश भर में इस मामले को कांग्रेस पार्टी की ओर से जोर-जोर से उठाया जाएगा एक अन्य सवाल के जवाब में अजय माकन ने कहा कि राजस्थान से उन्हें काफी उम्मीद है और राजस्थान से बड़ी संख्या में रैली में लोग आएंगे।

# चुनाव आयोग का बड़ा फैसला; पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में बढ़ी एसआईआर की समयसीमा

नई दिल्ली

चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर अहम फैसला लिया है। जानकारी के मुताबिक, चुनाव आयोग ने पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर की समय सीमा को बढ़ाया है। जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में 26 दिंसबर तक एसआईआर प्रक्रिया की समयसीमा को बढ़ाई गई है। वहीं, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी। तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे। आयोग का मानना है कि मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना प्राथमिकता है, इसलिए अतिरिक्त समय देना आवश्यक हो सकता है। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की सफाई और अद्यतन करना है, जिसमें डुप्लीकेट नाम हटाना, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम निकालना और नए योग्य मतदाताओं (18 वर्ष से ऊपर) को शामिल करना शामिल है। देशभर में इस प्रक्रिया के जरिए फर्जी मतदान की संभावनाओं को भी कम किया जा रहा है। वर्तमान में एसआईआर का दूसरा चरण जारी है। पहले चरण की शुरुआत बिहार से हुई थी। अब दूसरे चरण में राज्यों में बूथ-स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की तरफ से घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। कई बीएलओ शिक्षक या सरकारी कर्मचारी होते हैं, जिसके कारण सीमित समय में पूरे क्षेत्र का सत्यापन करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को कहा कि राज्य ने भारतीय निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को पूरा करने के लिए दो और सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया है। एक प्रेस बयान में, नवदीप रिणवा ने कहा कि यह विस्तार इसलिए मांगा गया था ताकि जिला चुनाव अधिकारी मृत मतदाताओं, अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं और लापता मतदाताओं की प्रविष्टियों का पुनः सत्यापन कर सकें। उनके अनुसार, अब तक 99.24 प्रतिशत जनगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण हो चुका है। राज्य भर में 4 नवंबर से एसआईआर अभ्यास चल रहा है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन की समयसीमा में संशोधन किया है और अंतिम प्रकाशन की तिथि को पहले की निर्धारित तिथि से बदलकर 14 फरवरी, 2026 कर दिया है।

# अलवर कांग्रेस हमेशा संघर्षों और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक रही है - सिंह

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को नवीन कांग्रेस कार्यालय, अंबेडकर नगर, अलवर में हुई। बैठक का एजेंडा नई दिल्ली में आयोजित होने वाली 'वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली' के सफल क्रियान्वयन, व्यापक तैयारियों और अलवर जिले से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के संदर्भ में रणनीति बनाना रहा। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह तथा अति विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रकाश गंगावत ने औपचारिक रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण भी किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि AICC द्वारा आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली' देश की लोकतांत्रिक लड़ाई का एक निर्णायक क्षण है। अलवर कांग्रेस हमेशा संघर्षों और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक रही है। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि अलवर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में दिल्ली पहुँचकर लोकतंत्र बचाने के इस आह्वान को मजबूती देंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत के नेतृत्व में संगठन और भी अधिक ऊर्जावान बनेगा।' नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि 'आज देश जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें कांग्रेस का हर कार्यकर्ता संविधान की रक्षा का सिपाही है। 'वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली' लोकतंत्र और जनता की आवाज़ को बुलंद करने का ऐतिहासिक अवसर है। अलवर जिला कांग्रेस सदैव अग्रणी रही है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी हमारे कार्यकर्ता नई दिल्ली में अपनी उपस्थिति से पार्टी की शक्ति प्रदर्शित करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा 'मुझे जिला कांग्रेस कमेटी अलवर का अध्यक्ष बनाए जाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार। मैं यह जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाऊँगा। बैठक में हमने संगठित रणनीति बनाई है ताकि अलवर से अधिकतम संख्या में कार्यकर्ता 'वोट चोर गद्दी छोड़ महा रैली' में शामिल होकर केंद्र की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद कर सकें। संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय, मजबूत और संघर्षशील बनाना मेरी प्राथमिकता है।' बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक उत्साह, संकल्प और संगठनात्मक एकजुटता का सशक्त प्रतीक रही। जिला कांग्रेस कमेटी ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि अलवर जिले से विशाल संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली में होने वाली महा रैली में हिस्सा लेकर लोकतंत्र की रक्षा के इस संघर्ष को मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी और विधायक ललित यादव, जिला प्रभारी फूल सिंह ओला, राजगढ़ विधायक मांगे लाल मीणा, पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत, जौहरी लाल मीणा, उपजिला प्रमुख ललिता मीना, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, खैरथल जिलाध्यक्ष बलराम यादव, आर्यन जुबेर खान, श्वेता सैनी, प्रधान नसरू खान, जाकिर खान, गफूर खान, जोगेंद्र कोचर, दीनबंधु शर्मा, पुष्पेंद्र धाभाई, अशोक सैनी, कमलेश सैनी, कृष्ण यादव, छंगामल लखेरा, रिपुदमन गुप्ता, लीली यादव, साहुन खान, शहर प्रभारी कृष्णा शर्मा, जेडी आर्यन, प्रीतम मेहंदीरत्ता, जय सिंह जाटव, गोपाल दास खटीक, सुरेंद्र माथुर, अनिल जैन, रामबहादुर सिंह तंवर, जीतकोर सांगवान, रमन सैनी, अंकित गोयल, दीपेंद्र सैनी, राकेश बैरवा, गौरव यादव, मानवेन्द्र सिंह, राजेश कृष्ण सिद्ध, उमरदीन, विक्रम यादव, सुरेश पूंछरी, रवि मीना, बिमला सारवान, रिंकू खुदनपुरी, वीर सिंह बम्बोली, राजेश मीना, प्रशांत राजा, रेखा चौधरी, जगदीश अवस्थी, सोनू गोपालिया, राहुल खान, राहुल पटेल, हुकमा राम सैनी, राजेश विरमानी, ओमप्रकाश गोलियां, रामकिशन बेरवा, नारायण साईवाल सहित जिला एवं शहर कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, हस्ध, सेवादल तथा अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सरस डेयरी ने लॉन्च किया 10 रुपए का नया बेबी पैक, आम आदमी को मिलेगी राहत




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरस डेयरी ने गुरुवार को उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 10 रुपए में मिलने वाला छोटा दूध पैक लॉन्च किया। अब 200 मिलीलीटर ग्राम दूध मात्र 10 रुपए में उपलब्ध होगा, जिससे कम बजट में दूध की आवश्यकता पूरी करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान ने बताया कि छोटे पैक की मांग लंबे समय से की जा रही थी। कई उपभोक्ता रोजाना कम मात्रा में दूध की जरूरत बताते थे, ऐसे में यह पैक उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगा। 200 एमएल के ये नए पैकेट शुक्रवार तक अलवर शहर, आसपास के क्षेत्रों, सभी उपकेन्द्रों और एनसीआर तक पहुंचा दिए जाएंगे। डेयरी प्रबंधन को उम्मीद है कि यह नई पहल बाजार में सकारात्मक असर डालेगी और रोजमर्रा के उपभोक्ताओं के लिए बड़ी सहूलियत साबित होगी। अन्य ब्रांड जो 10 रुपए में 140 से 160 एम एल तक ही दूध उपलब्ध करवाते है वही सरस गुणवत्ता का पॉश्चराइज दूध रु10 में 200 एम एल उपलब्ध करवाएगी।

## दक्षिण मुखी इच्छापूर्ण बालाजी मन्दिर का वार्षिकोत्सव 17 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड पांच स्थित दक्षिण मुखी इच्छापूर्ण बालाजी मन्दिर का वार्षिकोत्सव आगामी 17 दिसम्बर को धूमधाम से मनाया जाएगा। पुजारी पुष्करलाल शर्मा ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पाठ, सामुहिक हनुमान चालिसा का पाठ सहित भजन कीर्तन के अलावा विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

## एमजीजीएस सिंघावली बरेह के छात्र-छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण

### उपप्रधानाचार्य ने दिखाई हरी झंडी




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा।** एमजीजीएस सिंघावली बरेह के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से विद्यालय प्रशासन की ओर से औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपप्रधानाचार्य मुकेश कुमार जाटव ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने धौलपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में वंशी ग्रुप की यूनिट बिग ड्रीमर का भ्रमण किया, जहाँ कंपनी में हो रहे होजरी और गारमेंट्स उत्पादों के निर्माण की विस्तृत जानकारी दी गई। कंपनी के मैनेजर आकाश पचौरी ने छात्रों को यह समझाया कि किस प्रकार कच्चे माल से तैयार प्रोडक्ट बनाया जाता है और फिर उसे बाज़ार तक पहुँचाया जाता है। उन्होंने उत्पादन की पूरी प्रक्रिया–डिज़ाइनिंग, कटिंग, स्टिचिंग, पैकिंग और मार्केट सप्लाई–का लाइव प्रदर्शन भी कराया। इसके साथ ही आकाश पचौरी ने बताया कि वंशी ग्रुप की कई यूनिटें कार्यरत हैं, जहाँ 12वीं पास और 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। इस जानकारी को सुनकर छात्रों में उत्साह और औद्योगिक क्षेत्र को समझने की जिज्ञासा और बढ़ गई। विद्यालय प्रशासन नीरज झा ने ऐसे भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली और रोजगार के अवसरों को समझने में मदद मिलती है। विद्यालय स्टाफ से प्रभारी रामदास शर्मा, अनुपम शर्मा, नीरज झा, विनीता करसोलिया, दीक्षा शर्मा उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 13 दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रमों का हुआ भव्य शुभारम्भ

### सडक सुरक्षा अभियान के तहत पहले दिन की गई समझाइश व प्रवर्तन कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 13 दिवसीय कार्यक्रमों के तहत राज्य स्तरीय सडक सुरक्षा अभियान से शुरूआत हुई। इस दौरान आमजन को सडक सुरक्षा की जानकारी प्रदान की गई तथा प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी रवीन्द्र जोशी ने बताया कि अभियान के पहले दिन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक काम्बले शरण गोपीनाथ एवं सहायक पुलिस अधीक्षक शिवानी के नेतृत्व में हनुमान सर्किल पर आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों की पालना नहीं करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल एवं चॉकलेट देकर यातायात नियमों की पालना हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही परिवहन उडनदस्ता प्रभारी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध मोटर यान नियमों के अंतर्गत 12 वाहनों के चालान बनाए गए। उन्होंने बताया कि 25 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले सडक सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन, पुलिस, चिकित्सा, पीडब्ल्यूडी, रिडकोर, आरएसआरडीसी सहित विभिन्न विभागों के संयुक्त तत्वावधान में सडक सुरक्षा के क्षेत्र में समझाइश व प्रवर्तन कार्रवाई, जनजागरूकता, यातायात नियमों का प्रचार प्रसार आदि गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ललित कुमार गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज, परिवहन उडन दस्ता प्रभारी प्रदीप चौधरी मय सुरक्षाकर्मी एवं पुलिस विभाग से प्रभारी यातायात शाखा राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स 31 दिसम्बर तक वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे

### सत्यापन के अभाव में पेंशन राशि का नहीं होगा भुगतान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के लिए वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है अतः पेंशनर्स 31 दिसम्बर तक अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्रा प्लस मशीनों के माध्यम से भी निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं। इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 2 लाख 47 हजार 214 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 92 हजार 798 पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है। भौतिक सत्यापन के अभाव में दिसम्बर 2025 के बाद पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

### अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना में ऑनलाइन आवेदन 31 दिसम्बर तक

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थी 31 दिसम्बर तक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में योजना का लाभ प्राप्त कर चुके विद्यार्थी जो वर्ष 2025-26 में भी योजना में लाभ लेने के पात्र हैं पुनः आवेदन कर सकते हैं।

## विधायक ने की जनसुनवाई, आमजन की सुनी समस्या



### आमजन की सेवा का अवसर बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है - महंत बालक नाथ

जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालक नाथ योगी ने विधानसभा तिजारा क्षेत्र के अन्तर्गत भिवाड़ी, टपूकड़ा व तिजारा में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पंहुचे आमजन से मिलते हुए उनकी समस्याओं को सुना व समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आमजन की सेवा का अवसर बड़े सौभाग्य से प्राप्त होता है, तिजारा विधानसभा की जनता के बीच निरन्तर रहते हुए वह उनकी समस्याओं को न केवल सुनते हैं बल्कि अधिक से अधिक उनके समाधान के लिए भी प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा की समस्त विधानसभा क्षेत्र में उनका फोकस विकास कार्यों व आमजन से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में है। भिवाड़ी टपूकड़ा व तिजारा का संपूर्ण क्षेत्र आने वाले समय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बने व शिक्षा, चिकित्सा, सफाई, सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित न रहे इस दिशा में वह निरन्तर कार्य कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के 'वोट चोरी अभियान' को कोरा पाखंड बताते हुए कहा कि आज जबकि देश एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है तो कांग्रेस पार्टी को यह विकास हजम नहीं हो रहा है। सारा देश देख रहा है कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टीयां किस तरह देश भर में चल रहे मतदाता शुद्धिकरण अभियान से घबराई हुई है। जनसुनवाई से पहले उन्होंने भिवाड़ी पूर्व सभापति संदीप दायमा के भाई नरेश दायमा के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की व परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

## अलवर जिला अभिभाषक संघ के चुनाव आज, तैयारी पूर्ण, सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा मतदान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला अभिभाषक संघ अलवर की ओर से चुनाव को लेकर तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार 12 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक दो बूथों पर मतदान होगा। इस बार पहली बार संघ ने दो मतदान केंद्र बनाकर मतदान प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया है। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार चुनाव में वर्ष 1968 से 2002 तक पंजीकृत अधिवक्ता बूथ नंबर 1 पर मतदान करेंगे। वहीं वर्ष 2003 से 2025 तक पंजीकृत अधिवक्ता बूथ नंबर 2 पर मतदान कर सकेंगे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुल 1858 अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। कुल 11 पदों के लिए 35 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनका भाग्य शुक्रवार शाम 4 बजे मतदान समाप्त होते ही मतपेटियों में बंद हो जाएगा। मतगणना शाम 4:30 बजे से शुरू होगी। इसी संदर्भ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुनिराम यादव, एडवोकेट की अध्यक्षता में निर्वाचन कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में निर्वाचन समिति सलाहकार जनार्दन शर्मा, एडवोकेट, अशोक शर्मा, एडवोकेट, तथा निर्वाचन अधिकारी अनिल नरूका, एडवोकेट, दिनेश यादव, एडवोकेट, कृष्ण कुमार मेघवाल, एडवोकेट, राजेश कुमार गुप्ता, एडवोकेट, अजय धार, एडवोकेट एवं मीडिया प्रभारी हेमन्त कुमार, एडवोकेट उपस्थित रहे। चुनाव से पूर्व मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में समिति ने पुलिस अधीक्षक अलवर सुधीर चौधरी से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। एसपी ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्था का आश्वासन दिया। अध्यक्ष पद पर इस बार मुख्य मुकाबला राकेश कुमार शर्मा (बिट्टू), अभिमन्यु सिंह चौहान और अजय यादव के बीच रहेगा। वहीं सचिव पद पर रामकिशन, श्रवण सिंघल और जितेंद्र शर्मा (जीतू) के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुनिराम यादव एडवोकेट ने कहा कि 'मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' उन्होंने बताया कि मतदाता अपना पहचान पत्र साथ मे लेकर आये।

## जिला कलक्टर ने ली ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक

### विकास योजनाओं के कार्यों को निर्धारित टाइमलाइन में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निस.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में फ्लैगशिप योजनाओं, ग्रामीण विकास विभाग की एमपी लैड, एमएलए लैड, मेवात क्षेत्रीय विकास योजना, पीएम आवास, नरेगा, एमजेएसए, जनभागीदारी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी उत्थान योजना, राजीविका, पंच गौरव सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एमपी, एमएलए लैड की बिन्दुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी जिला परिषद से समन्वय स्थापित कर एमपी, एमएलए लैड के कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इन कार्यों में टाइमलाइन का विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने जिला परिषद सीईओ को निर्देश दिये कि इन कार्यों की एएस निकलने के 15 दिन के भीतर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर टीएस समयबद्ध रूप से जारी कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मेवात क्षेत्रीय विकास योजना की समीक्षा कर चिकित्सा, पर्यटन एवं राजीविका के अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना के तहत नये कामों के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने राजीविका डीपीएम को निर्देश दिये कि रामगढ में हाट बाजार बनाने के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने विकास अधिकारी रामगढ को निर्देश दिये कि मूर्तिकारों के लिए मार्केट बनाने के लिए हाई-वे के आसपास भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान की समीक्षा कर कहा कि अभियान के तहत जिले में 91' कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शेष कार्यों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए गुणवत्ता के साथ 31 दिसम्बर तक पूर्ण करावे। उन्होंने पीएम आवास, स्वामित्व योजना, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की बिन्दुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि घरेलू शौचालय निर्माण के स्वीकृत कार्यों को 26 जनवरी तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि अलवर शहर में आगामी वर्ष 10 हजार वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के कार्य को सहायक अभियन्तावार लक्ष्य निर्धारित कर 30 अप्रैल तक पूर्ण करावे। साथ ही शहर में सूख रहे बोरवेल को सर्वे करावे ताकि जिस क्षेत्र ज्यादा बोरवेल सूखे वहाँ वाटर हार्वेस्टिंग रिचार्ज सिस्टम बनाने पर विशेष जोर देवे। उन्होंने राजीविका डीपीएम को निर्देश दिये कि जल ग्रहण संरचना को बढावा देने हेतु राजीविका महिलाओं को जल सहेली बन कर अपने घरों में जल संरचना विकसित कराने हेतु प्रोत्साहित करें। उन्होंने जल स्वावलंबन जन भागीदारी अभियान की समीक्षा कर विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक लेकर अभियान के तहत ग्राम पंचायतवार किए जाने वाले कार्यों को समयबद्ध रूप में पूर्ण करावे। साथ ही हर 15 दिवस में इसकी रिव्यू बैठक लेकर अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखजी जिला उत्थान योजना की समीक्षा कर सीएमएचओ, उप निदेशक पर्यटन विभाग एवं राजीविका डीपीएम को निर्देश दिये कि योजना के तहत प्रस्ताव तैयार करें तथा बडे कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करावे। बैठक में जिला परिषद सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चन्द सैनी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एम.आर मीना, जिला परिषद के एसीईओ आरती गुप्ता, राजीविका डीपीएम राहुल चौधरी, पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अभियन्ता महिलाल मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लगातार चौथे दिन हाई कोर्ट में बम होने की सूचना, बार एसोसिएशन के चुनाव भी आज

## इंटरकॉन्टिनेंटल होटल को भी बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट में गुरुवार को लगातार चौथे दिन बम होने की सूचना ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के हाथ पांव फूला दिए गुरुवार को ही राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया संपादित होनी थी लेकिन बम की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे डॉग स्क्वायड और बमनिरोधक दस्ते को भी बुलाया गया हाई कोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में सघन जांच पड़ताल शुरू की गई लेकिन गुरुवार को भी पुलिस को मौके पर कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली इसके बाद राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया शुरू की गई गुरुवार को ही जयपुर के टोंक रोड पर स्थित इंटरकॉन्टिनेंटल होटल में




भी बम होने की सूचना ईमेल के माध्यम से ही दी गई राजस्थान हाई कोर्ट में भी ईमेल के माध्यम से ही बम होने की सूचना दी गई थी राजस्थान हाई कोर्ट में पिछले चार दिन से बम होने की दी गई सूचना ईमेल के माध्यम से ही दी गई लेकिन पुलिस अब तक ईमेल का संचालन करने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं कर पाई है इसी तरह से होटल इंटरकॉन्टिनेंटल में भी ईमेल के माध्यम से ही सूचना दी गई इसके बाद पुलिस यहां भी पहुंची होटल परिसर और आसपास के इलाके में सघन जांच पड़ताल की गई तलाशी अभियान को भी सावधानी पूर्वक अंजाम दिया गया मौके पर डॉग स्क्वायड और बमनिरोधक दस्ते की सहायता भी ली गई लेकिन होटल में भी जांच पड़ताल के दौरान कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली उल्लेखनीय है कि राजस्थान हाई कोर्ट में पिछले दिनों इससे पहले भी दो बार बम होने की सूचना दी गई यह सूचना भी ईमेल के माध्यम से ही दी गई थी लेकिन पुलिस ईमेल का संचालन करने वाले व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाई लगातार राजस्थान हाई कोर्ट में दी जा रही इस तरह की सूचना से निश्चित रूप से राजस्थान हाई कोर्ट का कार्य बाधित हो रहा है हाई कोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में सुबह से लेकर शाम तक वकील भी रहते हैं प्रदेश भर के लोग भी अपने मामलों को लेकर यहां आते हैं हाई कोर्ट प्रशासन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी यहां पर बड़ी संख्या में नियुक्त हैं इसलिए जैसे ही सूचना मिलती है पुलिस मौके पर भी पहुंचती है हाथों-हाथ हाई कोर्ट परिसर को खाली करवाना भी जरूरी हो जाता है पुलिस अगर हाई कोर्ट परिसर को खाली नहीं करवाए तो एक तरफ जहां पुलिस की जांच पड़ताल बाधित होती है तो दूसरी तरफ पुलिस को यह डर भी रहता है की कहीं यह सूचना अगर सही हुई तो फिर भारी नुकसान हो सकता है इसलिए पुलिस हाथों-हाथ जहां भी इस तरह की सूचना मिलती है वहां मौजूद सभी लोगों को तुरंत जगह छोड़ देने को कहा जाता है बड़ी बात यह है कि गुरुवार को राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया भी शुरू होनी थी लेकिन बम की सूचना से मौके पर हड़कंप सा मच गया हालांकि गुरुवार को लगातार चौथे दिन इस तरह की सूचना मिलने से वकील गुरुवार की सूचना को भी पहले से ही गलत मानकर चल रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा वकीलों में इस बात का गुस्सा है कि राजस्थान हाई कोर्ट और प्रदेश में कई जगहों पर इस तरह की सूचना दी जा रही है लेकिन ईमेल का संचालन करने वाले व्यक्ति तक पुरुष के हाथ नहीं पहुंच पाए वकीलों का कहना है कि इस मामले में पुलिस को अन्य जांच एजेंसी की मदद लेनी चाहिए चाहे इसके लिए राजस्थान से बाहर से जांच एजेंसी को बुलानी पड़े लेकिन बार-बार इस तरह से गलत सूचना देकर जिस तरह से लोगों में डर की स्थिति पैदा की गई है और कामकाज बाधित हो रहा है जब तक सूचना देने वाले व्यक्ति को पकड़ नहीं जाएगा वह इसी तरह से अपनी गतिविधि को अंजाम देता रहेगा इसलिए पुलिस को इस तरह के प्रकरण में जल्दी से जल्दी अन्य जांच एजेंसियों का सहयोग भी ले लेना चाहिए ।

## रोडवेज में विस्फोट, धुएं के बीच यात्रियों ने खिड़की से कूद कर जान बचाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** किशनगढ़ में राजस्थान रोडवेज में अचानक विस्फोट होने और मौके पर धुआं छाने की वजह से बस में सवार यात्री बुरी तरह से घबरा गए और कई यात्री बस की खिड़की से नीचे कूद गए हालांकि बस के ड्राइवर ने सावधानी से बस को रोड के किनारे खड़ा किया लेकिन तब तक पूरी बस में धुआं ही धुआं उठ रहा था इसलिए बस में सवार यात्रियों और बस के चालक को भी यह समझ में नहीं आया कि आखिर हो क्या गया है बाद में पता चला कि बस के साइलेंसर में यह विस्फोट हुआ था इसके बाद बस को रोडवेज के मोटर गैरेज में भिजवा दिया गया है जानकारी के अनुसार गुरुवार को राजस्थान रोडवेज की बसअराई से किशनगढ़ आ रही थी तभी अचानक बस में धमाका हुआ और बस में से धुआं ही धुआं उठने लगा अचानक बस में विस्फोट होने की आवाज सुनकर बस में सवारी यात्री बुरी तरह से घबरा गए और बस में धुआं उठना देखकर कई यात्री बस की खिड़की से ही कूद गए बस के चालक को भी अचानक कुछ समझ में नहीं आया लेकिन उसने बहुत ही सजगता दिखाते हुए बस को तुरंत रोका और उसे रोड के किनारे खड़ा कर दिया तब तक पूरी बस में धुआं ही धुआं छा गया मौके पर बड़ी संख्या में लोग भी एकत्रित हो गए लोगों को भी यह समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर बस में हुआ क्या है बाद में पता चला कि बस के साइलेंसर में यह विस्फोट हुआ था इसके बाद बस को राजस्थान रोडवेज के गैरेज में भेज दिया गया है हालांकि इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल करके यह पता लगाया जा रहा है कि यह विस्फोट क्यों और कैसे हुआ या फिर कोई अन्य कारण तो नहीं था राजस्थान रोडवेज प्रशासन भी इस मामले को काफी गंभीर मान रहा है जानकार लोगों का कहना है कि यह तो गनीमत रही की धुआं आग की लपटों में नहीं बदली अन्यथा आग की लपट अगर रोडवेज बस के डीजल टैंक तक पहुंच जाती तो शायद पूरी बस आग की भेंट भी चढ़ जाती फिलहाल बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित थे लेकिन यात्रियों के चेहरों पर घबराहट साफ नजर आ रही थी।

## पाक जासूस ने उगले कई बड़े राज, 19 लोगों के संपर्क में रहने की मिली जानकारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पुलिस पूछताछ में पाकिस्तानी जासूस प्रकाश उर्फ बादल ने कई बड़ी जानकारियां दी है जिसमें उसके 19 लोगों के संपर्क में रहने की बात सामने आई है बादल ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में था और भारत के सामरिक महत्व के ठिकानों की जानकारी उन्हें उपलब्ध करवा रहा था बादल पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े लोगों केवी संपर्क में था और नशे के कारोबार में शामिल होने की जानकारी भी मिली है पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि प्रकाश उर्फ बादल कोरोना महामारी के दौरान ही पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में आ गया था इसके बाद वह भारत में कई जगहों पर भारत के सामरिक महत्व के ठिकानों पर भी गया और वहां से जानकारी हासिल करके उसे पाकिस्तान हैंडलर्स को उपलब्ध करवाई उसके करीब 19 लोगों से संपर्क में रहने की बात सामने आई है पुलिस पूछताछ में यह भी निकाल कर सामने आया है कि उसने कुछ मोबाइल सिम भी पाकिस्तान भेजी थी उल्लेखनीय है कि प्रकाश उर्फ बादल को श्रीगंगानगर में पुलिस की पकड़ में आया था इसके बाद में कोर्ट ने उसे 10 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया था पुलिस रिमांड में पुलिस ने बादल से पूछताछ करने के लिए सवालों के एक लंबी सूची तैयार की जिसमें कई बड़ी जानकारियां पुलिस को मिली है अब पुलिस उन 19 लोगों के बारे में भी तमाम तरह की जानकारी जुटाना का प्रयास कर रही है जो बादल के संपर्क में थे जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले की जांच अभी जारी है पुलिस की जांच की दिशा अब उन 19 लोगों पर टिक गई है इसलिए इस प्रकरण में आने वाले दिनों में कुछ और गिरफ्तारियां भी हो सकती है पुलिस ने गत 2 दिसंबर को श्रीगंगानगर के साधुवाली क्षेत्र में प्रकाश और बादल को पकड़ा था बादल व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर से जुड़ा हुआ था और पैसों का लेनदेन भी इसने किया है बादल ने राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के सैन्य ठिकानों की जानकारी हासिल करके उन जानकारी को पाकिस्तान हैंडलर्स को उपलब्ध करवाई

## राजाखेड़ा में एसीबी का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित - मांगे कोई रिश्वत तो करें काल




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा के अंदर आज एसीबी इंस्पेक्टर जगदीश भारद्वाज के नेतृत्व में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जगदीश भारद्वाज इंस्पेक्टर एसीबी ने बताया किसी विभाग में कोई कर्मचारी हो अधिकारी हो लोक सेवक हो राजनेता हो यदि आपसे पैसे की मांग करता है किसी काम के बदले तो आप हमको तुरंत कॉल करें आपकी कॉल गुप्त रखी जाएगी यदि किसी ने आपसे पैसे ले लिए हैं और भी पैसों की मांग कर रहा है तो 7 दिन के अंदर हमको तुरंत सूचित करें 7 दिन के बाद उसका कोई महत्व नहीं है। सूचना देने वाले की कॉल व नाम गुप्त रखा जाएगा भारद्वाज ने बताया कि कुछ विभाग में अति कर रखी है और आपको किसी से डरने की या किसी से बने की बहकावे करने की कोई जरूरत नहीं है। आप तो सीधी कॉल करो या हमारे पास डायरेक्ट भी आ सकते हो, मीटिंग का आयोजन न्यू सनराइज अकैडमी स्कूल में नगर पालिका के पास आयोजित किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन, होतमसिंह पहाड़िया, पवन ठाकुर, अमरपुर वाले सोनू ठाकुर, गाड़ी जूनागढ़ कमल जैन, रोशन बाकुरे, रामनरेश सेमरा वाले अजीत शर्मा नायला वाले, राजेंद्र प्रसाद, मुकेश जाटव, माता प्रसाद दिवाकर, पप्पू साठि भाई, द्वारका प्रसाद पचौरी, देवेंद्र कुमार मुद्गल, अजय पाल सिंह ठाकुर अंबरपुर वाले, नाहरसिंह जाटव आदि मौजूद रहे।

## प्रशासन ने 5 साल से बंद रास्ता खुलवाया

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 11 में पिछले 5 साल से बंद आम रास्ते को प्रशासन की ओर से खुलवाया गया। वार्ड के रमजान भाटी आदि ने आम रास्ते को तारबंदी कर अवरुद्ध कर रखा था जिसको लेकर नवरंगलाल काला सहित वार्ड के लोगों की लगातार प्रशासन को शिकायत दर्ज करवाई जा रही थी। अब प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए 5 साल से बंद रास्ते को खुलवाया। मौके पर नायब तहसीलदार मुकेश सिहाग, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जैकी राम गोयल, वरिष्ठ प्रारूपकार आनंद बिहारी सोलंकी, सत्यनारायण बावलिया मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचे तथा जेसीबी से तारबंदी हटवाकर आम रास्ते को खुलवाया। इस दौरान वार्ड के नथमल चोपड़ा, अनिल राठी, दिनेश काला, प्रमोद चोपड़ा, सुनील दत्त राठी, जावेद राठी, रमेश आर्य, रमजान भाटी, महबुब भाटी, रमेश जेदिया सहित सफाई कमचारी मौजूद रहे।

## वर्धमान ग्रुप के कई ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा, करोड़ों रुपए की आयकर चोरी का खुलासा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** आयकर विभाग की ओर से गुरुवार को रियल एस्टेट के कारोबार में शामिल वर्धमान ग्रुप के कई ठिकानों पर सामूहिक रूप से एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया वर्धमान ग्रुप के मानसरोवर स्थित स्कूल वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल में स्थित ऑफिस में भी आयकर विभाग की टीमों की ओर से सघन जांच पड़ताल की जा रही है खबर लिखे जाने तक करोड़ों रुपए की आयकर चोरी किए जाने के पुख्ता संकेत मिले है वर्धमान ग्रुप के आधा दर्जन से ज्यादा स्थान पर आयकर विभाग की टीमों की ओर से यह कार्रवाई की जा रही है जिसमें जयपुर से बाहर भी कई जगहों पर आयकर विभाग की टीमों की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है जानकारी के अनुसार खबर लिखे जाने तक करोड़ों रुपए की बिना हिसाब किताब वाली चल और अचल संपत्तियों का खुलासा हुआ है इन्वेस्ट के कई तरह के दस्तावेज मिले हैं गुरुवार देर रात तक यह पूरी कार्रवाई संपादित हो पाएगी कहा तो यह भी जा रहा है कि आयकर विभाग की टीमों ने मौके पर नोट गिनने वाली मशीन भी मंगवा है इसलिए आयकर विभाग की यह संपूर्ण कार्रवाई शुक्रवार तक ही पूरी होने की बात कही जा रही है जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से आयकर विभाग की टीमों की ओर से गुपचुप में वर्धमान ग्रुप की विभिन्न व्यापारिक गतिविधियों की जानकारी जुटाए जा रही थी वर्धमान ग्रुप की ओर से संचालित स्कूल के बारे में भी तमाम तरह की जानकारियां जुटा गई स्कूल से होने वाली इनकम के बारे में भी पता लगाया गया तथा वर्तमान ग्रुप की ओर से जयपुर और प्रदेश के अन्य शहरों में रियल स्टेट से जुड़ी तमाम गतिविधियों पर भी आयकर विभाग की कड़ी निगरानी थी तमाम तरह की जानकारी हासिल करने के बाद आयकर विभाग को यह अंदेशा हो गया था कि वर्तमान ग्रुप की ओर से भारी मात्रा में इनकम टैक्स की चोरी की जा रही है और काली कमाई को अन्यत्र जगह गुपचुप में इन्वेस्ट किया जा रहा है इसके बाद गुरुवार को आयकर विभाग की विभिन्न टीमों की ओर से जयपुर और प्रदेश के अन्य शहरों में वर्तमान ग्रुप के सभी ठिकानों पर एक साथ सामूहिक रूप से सर्च अभियान को शुरू किया गया जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए ।

## जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण की डीपीआर को पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड की बैठक में मिली मंजूरी

### अब केंद्र सरकार की मंजूरी मिलना बाकी, मंजूरी मिलते ही शुरू होगा दूसरे चरण का कार्य

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण की डीपीआर को दिल्ली में आयोजित हुई पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड की बैठक में मंजूरी मिल गई है इस बैठक में जयपुर मेट्रो के प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने बहुत ही प्रभावी और शानदार तरीके से दूसरे चरण की डीपीआर को प्रस्तुत किया काफी देर तक बैठक में विचार विमर्श किया गया और इसके बाद बैठक में डीपीआर को अनुमति प्रदान कर दी गई अब दूसरे चरण की डीपीआर को सिर्फ केंद्र सरकार से अनुमति मिलना बाकी है केंद्र सरकार से अनुमति मिलने के बाद राजस्थान सरकार इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर फिर से कार्य शुरू कर देगी जानकारी के अनुसार जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण की डीपीआर में प्रहलादपुर रिंग रोड से विद्याधर नगर टो डी मोड तक कार्य प्रस्तावित है यह पूरा ट्रैक करीब 42 किलोमीटर 800 मी का होगा और इसमें 37 स्टेशन अलग-अलग जगह पर स्थापित किए जाएंगे जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण पर जब मेट्रो का संचालन होगा तो निश्चित रूप से जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था को




काफी मजबूती और संबल मिलेगी और जयपुर शहर के लोगों की यात्रा काफी आसान हो जाएगी जयपुर मेट्रो के प्रथम चरण में जब से मेट्रो ट्रेन का संचालन हुआ है तब से यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है जयपुर मेट्रो में सफर करने के लिए लोग काफी उत्सुक रहते हैं वजह यही है कि एक तरफ जहां यह यात्रा काफी आरामदायक आसान होती है तो दूसरी तरफ इसमें समय भी ज्यादा नहीं लगता और यात्रा करने के दौरान यात्रियों को किसी भी तरह की कोई तकलीफ भी नहीं होती जयपुर मेट्रो में बाकायदा सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं इसलिए जयपुर मेट्रो में यात्रा के दौरान यात्री पूरी तरह से सुरक्षित रहते हैं इसीलिए जयपुर मेट्रो जयपुर के लोगों के लिए अब धीरे-धीरे लाइफलाइन बन गई है जिस दिन यह दूसरे चरण का कार्य पूरा होगा और इस नए ट्रैक पर मेट्रो दौड़ने लग जाएगी वह दिन जयपुर के 50 लाख लोगों के लिए यादगार होगा क्योंकि दूसरे चरण की डीपीआर में 42 किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक स्थापित किया जाएगा

## जेडीए परिसर में आयोजित शिविर को लेकर आयुक्त आनंदी गंभीर, अधिकारियों को किया अलर्ट

### जेडीए में नागरिक सेवा केंद्र में 17 से 24 दिसंबर तक आयोजित होगा विशेष शिविर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश के सभी नगर निकायों में17 दिसंबर से 24 दिसंबर तक विशेष शिविर आयोजित करके लोगों के समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया है इसी क्रम में जयपुर विकास प्राधिकरण में भी इस शिविर को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त आनंदी अलर्ट मोड पर नजर आ रही हैं जेडीए आयुक्त आनंदी ने इस शिविर के लिए अलग-अलग दिन अलग-अलग डिप्टी कमिश्नर को शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का निवारण करने के लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित कर दी है और अधिकारियों को साफ कहा है कि शिविर में आने वाले सभी शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाए और अगर किसी कारणवश किसी शिकायत का निस्तारण नहीं हो पता है तो इसके लिए शिकायत करने वाले को मामले के बारे में गंभीरता से समझाया जाए और यह बताया जाए कि इस कमी की वजह से आपका यह काम नहीं हो सकता जेडीए आयुक्त आनंदी ने अधिकारियों से साफ कहा है कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए जानकारी के अनुसार जेडीए के नागरिक सेवा केंद्र में आयोजित होने वाले इस शिविर में पिछले दिनों आओ शहर चले अभियान के तहत जो शिकायतें आई थी उन शिकायतों का निस्तारण ज्यादा करने के लिए कहा गया है इसके अलावा और भी जो नई शिकायतें आती है तो उनका भी निस्तारण करने के लिए अधिकारियों से कहा गया है जानकार लोगों का कहना है कि आओ गांव चले और आओ शहर चले अभियान के तहत कई जगहों पर अधिकारियों के शिविर में कई कारण की वजह से उपस्थित नहीं होने की शिकायतें भी सरकार तक पहुंची थी इसके बाद सरकार को यह महसूस हुआ कि इन शिवरों में पूरी तरह से लोगों को राहत नहीं मिली है इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के सभी नगर निकाय को 17 से 24 दिसंबर तक विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए और इन शिविर में सभी तरह की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए जानकार लोगों का कहना है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आनंदी काफी मेहनती और अनुशासित अधिकारी मानी जाती हैं जेडीए में स्थित अपने दफ्तर में खुद भी समय पर आती हैं और समय पर जाती हैं इसके अलावा इन्होंने जेडीए के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी साफ कहा है कि वह समय पर आए और समय पर जाएं और ऑफिस अवधि के दौरान समर्पित भाव से ईमानदारी से अपना कार्य करें आनंदी के जयपुर विकास प्राधिकरण में नियुक्त होने के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण के कार्यों में और भी तेजी आई है ।

## मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को 50000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के राजा पार्क इलाके में गुरुवार को एसीबी ने सिरोही स्थित बिहार अंबेडकर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल श्रवण लाल को 50000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी की ओर से गिरफ्तार अभियुक्त श्रवण लाल के विभिन्न ठिकानों पर सर्च अभियान को अंजाम दिया जा रहा है एसीबी की टीम अब उन तमाम कॉन्ट्रैक्ट प्रकरणों की जांच कर रही हैं जिनकी अनुमति श्रवण लाल की ओर से दी गई एसीबी का मानना है कि जिस तरह से बड़ी रकम के साथ हॉस्टल की मेष में ठेका रिन्यू करने के बदले ही इतनी बड़ी रिश्वत की रकम के डिमांड की गई तो फिर कॉलेज के ऐसे और भी कई बड़े प्रोजेक्ट हैं जिनकी अनुमति प्रदान करने में कहीं ना कहीं श्रवण लाल ने नियम विरुद्ध कार्य जरूर किया है इसलिए इस पूरे मामले की एसीबी गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त श्रवण लाल है जो बिहार अंबेडकर मेडिकल कॉलेज सिरोही का प्राचार्य है जिसने हॉस्टल का ठेका रिन्यू करने के बदले रिश्वत के डिमांड की थी जिसके शिकायत परिवादी ने एसीबी कार्यालय में दर्ज करवाई एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एसीबी ने आरोपी श्रवण लाल को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार की रणनीति के तहत गुरुवार को श्रवण लाल जयपुर में अपने घर आया हुआ था श्रवण लाल ने परिवादी को अपने घर पर ही बुला लिया इसके बाद परिवादी ने जैसे ही श्रवण लाल को रिश्वत के 50000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ श्रवण लाल को मौके पर ही दबोचलिया ।

# नई शिक्षा नीति और एमएम टीसी केंद्र उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर ले जाने का सशक्त माध्यम : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा के महत्वपूर्ण सत्र के दौरान राजस्थान के वरिष्ठ भाजपा सांसद मदन राठौड़ ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता शिक्षक प्रशिक्षण और नए भारत के ज्ञान-विकास मॉडल से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न संसद में उठाए। उन्होंने विशेष रूप से यह जानना चाहा कि देशभर में स्थापित मल्टीमॉडल टीचर ट्रेनिंग सेंटर्स किस प्रकार शिक्षक क्षमता निर्माण को मजबूत करने में भूमिका निभा रहे हैं और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित वर्गों के लिए क्या विशेष प्रावधान किए गए हैं। उनके द्वारा उठाए गए प्रश्नों ने न केवल शिक्षा सुधारों पर राष्ट्रीय विमर्श को नई दिशा दी बल्कि मोदी सरकार की शिक्षा-क्रांति को भी रेखांकित किया जो नए भारत की नींव को और सुदृढ़ कर रही है।




शिक्षा मंत्रालय की ओर से मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुकान्त मजूमदार ने दिए गए जवाब में बताया गया कि 05 सितंबर 2023 को पुनः शुरू की गई एमएमटीटीपी योजना के तहत देशभर में 151 एमएमटीटीसी केंद्र स्थापित और मान्यता प्राप्त किए जा चुके हैं, जहाँ देश के किसी भी उच्च शिक्षा संकाय सदस्य को आधुनिक और बहुआयामी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उस विज़न को मजबूत करता है जिसमें शिक्षक-प्रशिक्षण को शिक्षा सुधारों की सबसे महत्वपूर्ण धुरी माना गया है। डॉ. सुकान्त मजूमदार ने यह भी बताया कि इस योजना में भारतीय ज्ञान परंपरा मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों की शैक्षिक उन्नति उद्यमिता कौशल डिज़ाइन-थिंकिंग कृत्रिम बुद्धिमत्ता साइबर सुरक्षा और नेतृत्व विकास जैसे कई प्रमुख घटक शामिल हैं। इन विविध और गहन प्रशिक्षण मॉड्यूलों के माध्यम से उच्च शिक्षा के संकाय को वैश्विक मानकों पर तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। यह विस्तार दर्शाता है कि मोदी सरकार केवल शिक्षकों को प्रशिक्षित नहीं कर रही बल्कि उन्हें भविष्य का ज्ञान-नेता बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस योजना के पुनः प्रारंभ होने के बाद अब तक 3.22 लाख से अधिक शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं जो कि भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। राठौड़ ने इस प्रगति को अत्यंत सराहनीय बताया और कहा कि सशक्त शिक्षक ही सशक्त भारत का निर्माण करते हैं और मोदी सरकार इस दिशा में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। राठौड़ ने कहा की शिक्षा सुधार केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार हैं। उन्होंने विशेष रूप से यह कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में जो परिवर्तनकारी कदम उठाए जा रहे हैं वे वास्तव में नए भारत की मजबूत नींव रख रहे हैं। राठौड़ ने इस बात की सराहना की कि मोदी सरकार शिक्षक-प्रशिक्षण भारतीय ज्ञान-परंपरा आधुनिक कौशल और मानसिक स्वास्थ्य जैसे बहुआयामी क्षेत्रों पर एक साथ काम कर रही है जिससे उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक मानकों की ओर तेज़ी से अग्रसर हो रहे हैं। उनके अनुसार मोदी सरकार ने जिस पैमाने पर शिक्षा सुधारों को गति दी है वह अभूतपूर्व है और आने वाली पीढ़ियों को एक उज्ज्वल भविष्य देने की दिशा में यह कदम अत्यंत प्रशंसनीय है। उनकी यह सकारात्मक प्रतिक्रिया स्पष्ट करती है कि वे मोदी सरकार की नीतियों को राष्ट्रहित में मजबूत दूरदर्शी और परिवर्तनकारी मानते हैं।

# अराजकता को आमंत्रण देने वाली व्यवस्था




*अक्सर चर्चा के साथ उसकी चेतावनी भी दी जाती है। इसके बावजूद जिम्मेदार लोगों की निष्क्रियता के कारण प्रतिकूल परिणामों का सामना करना पड़ता है। डीजीसीए ने संशोधित उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) की घोषणा करीब दो वर्ष पहले कर दी थी। इंडिगो इससे भलीभांति अवगत भी थी। फिर भी, उसने इसे अनदेखा करना ही उचित समझा जो नितांत अनुचित था। स्पष्ट है कि वह नए नियमों से पड़ने वाले वित्तीय बोझ से बचना चाहती थी। यह कुछ और नहीं, बल्कि बाजार की अग्रणी कंपनी की मनमानी का उदाहरण है। अव्यवस्था के बाद से ही इस प्रकरण से जुड़े विभिन्न पक्ष सफाई देने में लगे हैं। सरकार ने फिलहाल संशोधित नियम कुछ समय के लिए टालते हुए किराये की सीमा तय कर दी है। इंडिगो ने क्षमायाचना करते हुए बुकिंग धनराशि वापस करने की घोषणा की है। भले ही कुछ दिनों में इस संकट से थोड़ी राहत मिल जाए, लेकिन यक्ष प्रश्न यही*

बीते दिनों भारतीय हवाई अड्डों पर भारी अराजकता दिखी। इस स्थिति को कैसे अभिव्यक्त किया जाए? परिदृश्य निर्धारण की प्रक्रिया में ऐसे असामान्य घटनाक्रम को विश्लेषक प्रायः ब्लैक स्वान और ग्रे स्वान जैसी संकल्पनाओं से निर्धारित करते हैं। इनमें ब्लैक स्वान एक अप्रत्याशित, अनपेक्षित एवं अनजानी घटना होती है। इसके गंभीर और प्रतिकूल परिणाम निकलते हैं। क्या इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद होने को इस श्रेणी में रखा जा सकता है? इसकी पड़ताल करें तो पायलटों के लिए अधिक विश्राम एवं संशोधित रोस्टर के सरकारी नियम दो साल पहले ही बन गए थे। विमानन कंपनियों को इसके पालन की तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिया गया। इसमें कुछ भी अप्रत्याशित एवं अनिश्चित नहीं था। स्वाभाविक है कि अनुपालन के अभाव में अव्यवस्था उपजनी ही थी और ऐसा ही हुआ भी। ग्रे स्वान घटनाक्रम का यह आशय होता है कि किसी घटना की भविष्यवाणी के बावजूद वह असंभावित होती है। ऐसी घटना का भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इंडिगो प्रबंधन संभवतः इसी भ्रम में रहा कि सख्त दिशानिर्देश दिखावटी पहल हैं, जिन पर शायद ही अमल हो। संशोधित नियमों को लेकर लंबे समय तक शिथिलता, अनुपालन की सीमा बढ़ाते रहने के बावजूद क्या यह वाकई इतना अप्रत्याशित था कि कभी तो प्राधिकारी संस्था विमानन सुरक्षा और बेहतर कार्यसंस्कृति की दिशा में अग्रसर होगी? ब्लैक और ग्रे स्वान को लेकर ऊहापोह के बीच मुझे रेड स्वान अधिक उपयुक्त लगा। यह ऐसे परिदृश्य का संकेत करता है, जिसकी संभावना काफी अधिक होती है। अक्सर चर्चा के साथ उसकी चेतावनी भी दी जाती है। इसके बावजूद जिम्मेदार लोगों की निष्क्रियता के कारण प्रतिकूल परिणामों का सामना करना पड़ता है। डीजीसीए ने संशोधित उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) की घोषणा करीब दो वर्ष पहले कर दी थी। इंडिगो इससे भलीभांति अवगत भी थी। फिर भी, उसने इसे अनदेखा करना ही उचित समझा जो नितांत अनुचित था। स्पष्ट है कि वह नए नियमों से पड़ने वाले वित्तीय बोझ से बचना चाहती थी। यह कुछ और नहीं, बल्कि बाजार की अग्रणी कंपनी की मनमानी का उदाहरण है। अव्यवस्था के बाद से ही इस प्रकरण से जुड़े विभिन्न पक्ष सफाई देने में लगे हैं। सरकार ने फिलहाल संशोधित नियम कुछ समय के लिए टालते हुए किराये की सीमा तय कर दी है। इंडिगो ने क्षमायाचना करते हुए बुकिंग धनराशि वापस करने की घोषणा की है। भले ही कुछ दिनों में इस संकट से थोड़ी राहत मिल जाए, लेकिन यक्ष प्रश्न यही है कि क्या यह राहत स्थायी होगी? साल का सिंहावलोकन करें तो भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए यह वर्ष काफी खराब रहा। जून में एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। कुछ हेलीकाप्टर भी दुर्घटना के शिकार बने और अब इंडिगो विमानों के बेड़े पस्त पड़े। अंततः इसकी तपिश उपभोक्ताओं को ही झेलनी पड़ती है। यह आगे कुआं-पीछे खाई वाली कहानी है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के बीच द्वंद्व की स्थिति है। यह बहस की बात ही नहीं है कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता हो अथवा पायलटों को विश्राम देने वाले नियमों में कोई ढिलाई दी जाए। काकपिट में काम के बोझ तले दबे और पर्याप्त विश्राम से वंचित पायलट कतई नहीं होने चाहिए, लेकिन क्या ऐसी व्यापक सुरक्षा की कीमत बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद होने और अराजकता को आमंत्रण देकर ही चुकाई जाएगी? निःसंदेह सुरक्षा सर्वोपरि है, लेकिन हमें उससे आगे भी जाना होगा। जैसे यात्रियों की सहूलियतों और अनुभव का स्तर। सेवा क्षेत्र का हिस्सा होने के साथ विमानन आतिथ्य सेवा का ही विस्तार माना जाता है। हालांकि वास्तविकता इससे कोसों दूर है। सुविधाओं की बात छोड़िए, यहां तो यात्री मूलभूत उपभोक्ता अधिकारों के लिए ही जूझते हैं। भारत में यात्रियों के अधिकार से जुड़े दस्तावेज बेमानी ही हैं। उन पर कभी-कभार ही कोई कार्रवाई होती है। होती भी है तो केवल खानपान और रिफंड जैसे मुद्दों तक ही सीमित होकर रह जाती है। विकसित देशों के उलट भारत में विमानन कंपनी को परिचालन अक्षमता के लिए दंडित नहीं किया जाता। आप भले ही कम दरों वाली टिकट अग्रिम रूप से बुक करके रखें, किंतु निर्धारित उड़ान विलंबित या रद होने की स्थिति में वैकल्पिक टिकट खरीदने के लिए बाध्य यात्री को मूल टिकट से मिलने वाले रिफंड से कहीं अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। एयरलाइन बिना किसी पूर्व सूचना के उड़ान में देरी और उसे रद तक कर सकती है, लेकिन यात्री का जरा भी विलंब से आना अस्वीकार्य है। परिचालन के स्तर पर यह एक अनिवार्यता हो सकती है, लेकिन स्पष्ट रूप से एकतरफा है। नियमों में इतना संशोधन तो आवश्यक है कि एयरलाइन को उसकी गलती के कारण विलंबित या रद होने वाली उड़ान के एवज में यात्रियों को पर्याप्त मुआवजा देना अनिवार्य हो। यूरोप और अमेरिका में यह एक सामान्य चलन है। इंडिगो पर कठोर कार्रवाई की घोषणा, उसकी उड़ानों की संख्या में कटौती और सुरक्षा मानकों पर कोई समझौता न करने की सरकार की पहल सराहनीय है।


## सम्पादकीय

# उड़ानें रद्द, महंगा किराया, जांच जारी




विमानन कंपनी इंडिगो में उड़ान परिचालन का संकट अभी थमा नहीं है। अब तक हजारों उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं, जिसका सीधा असर यात्रियों पर पड़ा है। सरकार ने इस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है और साथ ही स्पष्ट किया है कि जांच निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में दस फीसद की कटौती कर दी है। इस बात को तो सरकार ने भी माना है कि व्यवस्थागत खामियों की वजह से यह संकट पैदा हुआ है, लेकिन किस स्तर पर चूक हुई है, इसका पता जांच पूरी होने के बाद ही चल पाएगा। मगर सवाल है कि यह संकट खड़ा होने से पहले ही इसका समाधान तलाशने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की गई? इस अव्यवस्था का खमियाजा यात्रियों को क्यों भुगतना पड़ रहा है? दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी बुधवार को इस पर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न होने दी गई। साथ ही कहा कि यह यात्रियों को हुई परेशानी और उत्पीड़न के अलावा देश की अर्थव्यवस्था को होने वाले नुकसान का भी सवाल है। हैरत की बात है कि जिन नए नियमों की वजह से इंडिगो में उड़ान परिचालन का संकट उपजा, उस आदेश को वापस लेने के बाद भी स्थिति सामान्य नहीं हो पा रही है। मसला सिर्फ यह नहीं है कि उड़ान रद्द होने से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हुई, बल्कि उन्हें दूसरी कंपनियों की उड़ान का सहारा लेने के लिए सामान्य से कई गुना अधिक किराये का भुगतान करना पड़ा। यही वजह है कि उच्च न्यायालय ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए सवाल किया कि ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में अन्य विमानन कंपनियां हालात का फायदा उठाकर यात्रियों से टिकटों के लिए भारी कीमत कैसे वसूल सकती हैं! हालांकि, इस समस्या के उजागर होने के बाद सरकार ने फिलहाल दूरी के आधार पर हवाई किराये की सीमा तय कर दी है, लेकिन सवाल यह है कि विमानन कंपनियों की यह मनमानी कोई एक बार की बात नहीं है। जब कभी उड़ान परिचालन का संकट पैदा होता है या फिर अत्यधिक व्यस्त समय हो, तो यात्रियों से मनमाना किराया वसूलना आम बात है। आखिर सरकार की ओर से इस पर अंकुश लगाने के लिए स्थायी तौर पर व्यवस्था क्यों नहीं की जाती है? इसमें दो राय नहीं है कि पिछले करीब एक सप्ताह से उड़ान परिचालन में संकट के कारण अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ा है। देश भर में हर रोज हजारों लोग विमानों में सफर करते हैं और अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाए रखने में विमानन क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। इंडिगो देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी है और घरेलू उड़ान क्षेत्र के लगभग पैंसठ फीसद हिस्से को नियंत्रित करती है। सरकार का तर्क है कि इंडिगो की उड़ानों में कटौती से परिचालन को सामान्य करने में मदद मिलेगी। वहीं, नागर विमानन महानिदेशालय ने कंपनी पर निगरानी के लिए आठ सदस्यीय दल गठित किया है, जो रोजाना उड़ानों के परिचालन पर गहन नजर रखेगा। सवाल है कि इस तरह के उपाय अगर जरूरी थे, तो सरकार ने संकट पैदा होने के तत्काल बाद ये कदम क्यों नहीं उठाए? यात्रियों को केवल विमानन कंपनियों के भरोसे क्यों छोड़ दिया गया? उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार और विमानन कंपनियां जनहित को सर्वोपरि रखकर स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएंगी, ताकि भविष्य में इस तरह का संकट पैदा न हो।

# सत्ता के संस्कार बदलने का अनुष्ठान



रायसीना हिल्स पर इन दिनों जो हो रहा है, वह साधारण नहीं है। वहां सिर्फ इमारतें नहीं बन रहीं, बल्कि एक पुरानी और जंग लगी मानसिकता ढह रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय अब 'सेवा-तीर्थ' होगा और राजभवन 'लोक भवन'। लुटियंस दिल्ली के कुलीन हलकों में इसे लेकर सवाल है कि क्या यह सिर्फ नेमप्लेट बदलने की रस्म है? जवाब है-नहीं। यह उस औपनिवेशिक आत्मा से मुक्ति का अनुष्ठान है, जो आजादी के बाद भी हम पर हावी रही। शब्द सिर्फ बोलते नहीं, वे सोचते भी हैं। अंग्रेजों ने भारत पर सिर्फ बंदूक से राज नहीं किया, उन्होंने शब्दों से हमें गुलाम बनाया। उन्होंने खुद को 'शासक' और हमें 'प्रजा' माना। वह ढांचा 'हुकूमत' के लिए था, 'सेवा' के लिए नहीं।

जब पीएमओ 'सेवा-तीर्थ' बनता है, तो वह सत्ता के गलियारों में बैठे अफसर को याद दिलाता है कि वह मालिक नहीं, सेवक है। यह बदलाव ईंट-गारे का नहीं, उस 'लौह-ढांचे' को पिघलाने का है, जिसे हमने 75 साल तक ओढ़े रखा। यह भाषाई गुलामी के पिंजरे को तोड़ने की एक जरूरी और साहसिक शुरुआत है। इसे राजनीति नहीं, राष्ट्रनीति की नजर से देखिए। 'कलेक्टर' शब्द को देखिए। आखिर जिले के मुखिया को कलेक्टर क्यों कहा जाता है? इतिहास के पन्ने पलटेंगे तो जवाब वर्ष 1772 में मिलेगा। यह वारेन हेस्टिंग्स की ईजाद थी। उस वक्त मकसद 'जनसेवा' नहीं, सिर्फ लगान 'कलेक्ट' करना था। 'कलेक्टर' शब्द में 'लेने' का भाव है, 'देने' का नहीं। यह शब्द कुर्सी पर बैठने वाले के दिमाग में 'माई-बाप' होने का अहंकार भर देता है, जबकि हमारा संविधान 'कल्याणकारी राज्य' की बात करता है। कौटिल्य ने यूं ही प्रशासनिक प्रमुख के लिए 'समाहर्ता' शब्द नहीं चुना था। समाहर्ता यानी वह, जो बिखरे हुए को सहेजे, जो समाज के सूत्रों को जोड़े। अंग्रेज 'कलेक्टर' महज उगाही जानता था। इसके विपरीत भारतीय चिंतन के 'समाहर्ता' का मर्म 'पोषण' में है, प्रजा के योगक्षेम में है। प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवा-तीर्थ' कहना सत्ता का चरित्र-बदल की कोशिश है। 'सेवा-तीर्थ' सामंती मानसिकता पर चोट है। जब दफ्तर 'तीर्थ' बन जाता है, तो वहां झूठ बोलना या रिश्वत लेना अपराध नहीं 'पाप' हो जाता है। यह नैतिक दबाव है। यह सत्ता को 'भोग' से खींचकर 'सेवा'-'साधना' के धरातल पर लाता है। आलोचक इसे रंग दे सकते हैं, पर यह उस भारतीयता की वापसी है जहां सेवा परम धर्म है। राजभवन को 'लोक भवन' कहना भी लोकतंत्र के आत्मा की वापसी जैसा है। संविधान की शुरुआत 'हम भारत के लोग' से होती है, 'हम भारत के राजा' से नहीं। जब बुनियाद 'लोक' है, तो इमारत 'राज' वाली क्यों? सामंती बोर्ड क्यों टंगे रहें? 'राजभवन' शब्द उस 'लाट-साहबी' दौर की याद है, जब शासक ऊंची हवेलियों में जनता से दूर रहता था। 'राज' शब्द शासक और शासित के बीच की खाई को गहरा करता है। सरकार की नीयत साफ है और दिशा भी, लेकिन अभी जो हो रहा है, वह 'तदर्थवाद' है। कहीं कोई शहर का नाम बदल रहा है, कहीं कोई सड़क का। इसमें न कोई एकरूपता है, न वैज्ञानिक दृष्टि। इससे विवाद उपजते हैं। वक्त आ गया है कि इस प्रक्रिया को संस्थागत जामा पहनाया जाए। सरकार को एक वैधानिक 'राष्ट्रीय नामकरण एवं प्रशासनिक शब्दावली सुधार आयोग' का गठन करना चाहिए। नाम बदलना एक गंभीर सांस्कृतिक विमर्श होना चाहिए। इस आयोग में नेताओं की जगह इतिहासकार, भाषाविद और समाजशास्त्री बैठें। नाम बदलने की प्रक्रिया को 'राजनीतिक लाभ' के चश्मे से हटाकर 'सांस्कृतिक पुनर्जागरण' के रूप में स्थापित करना होगा। भारत की एकता उसकी विविधता में है। अगर तमिलनाडु में बदलाव हो तो वहां 'कोट्टम' या 'नाडु' जैसे शब्द गूंजें। महाराष्ट्र में शिवाजी के 'अष्टप्रधान' की धमक हो। इससे न केवल गुलामी के निशान मिटेंगे, बल्कि क्षेत्रीय भाषाओं का स्वाभिमान भी लौटेगा। जिन्हें यह बदलाव 'संकीर्ण राष्ट्रवाद' लगता है, वे जरा दुनिया देखें। भारत अकेला नहीं है। यह एक वैश्विक शुद्धि यज्ञ है, जिसे दुनिया 'डीकोलोनाइजेशन' कहती है। दक्षिण अफ्रीका ने रंगभेद मिटने के बाद 'पोर्ट एलिजाबेथ' (अब गकेबरहा) जैसे कई शहरों के नाम बदले, ताकि वहां के मूल निवासियों को उनकी खोई हुई पहचान वापस मिल सके। न्यूजीलैंड अपनी माओरी संस्कृति को पुनर्स्थापित कर रहा है। अमेरिका भी इससे अछूता नहीं है। वहां उत्तरी अमेरिका के सबसे ऊंचे पर्वत 'माउंट मैकिंले' का नाम बदलकर, मूल निवासियों की पहचान 'डिनाली' कर दिया

# उपखंड अधिकारी बने पंचायत समिति प्रशासक

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ(नि.सं.)।** उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने सुजानगढ़ पंचायत समिति के प्रशासक का कार्यभार संभाल लिया है। पंचायत समिति में आयोजित सादे कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधान मनभरीदेवी मेघवाल ने कार्यभार संभलवाया। वहीं विकास अधिकारी रवि कुमार ने उपखंड अधिकारी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त विकास अधिकारी मुकेश यादव, पूर्व खनिज राज्य मंत्री खेमाराम मेघवाल, सहायक विकास अधिकारी जीवन राम नेहरा, रामानंद फलवाडिया, पी ई ओ प्रमोद कुमार, मनफूल, श्रेणी दान चारण आदि लोग मौजूद रहे।

# विधायक ने राजकीय विद्यालय में स्टूल व मेज की भेंट



**रामगढ़।** विधायक सुखवंत सिंह ने ग्राम खेड़ा महमूद के पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेड़ा महमूद में विद्यार्थियों के बैठने के लिए विधायक निधि से 150 स्टूल 150 मेज भेट की। विधायक ने विद्यालय के एक बच्चे को स्टूल पर बैठाकर विधिवत कार्यक्रम आयोजित किया। स्टूल मेज देखकर विद्यालय के विद्यार्थी खुश नजर आए। विद्यालय में खुशी का माहौल नजर आया स्कूली छात्रा ने मंच से विधायक को धन्यवाद दिया और कहा कि स्थानीय विधायक जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरे है। और जनता से जुड़े कार्यों को सहजता से सम्पन्न करवाते हैं इस मौके पर गोविंदगढ़ ब्लॉक के ष्ट्ठश्व विश्वजीत, एडिशनल ष्ट्ठश्व खेड़ा मोहम्मद सरपंच नीरज ओड मंडल अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा प अमित एवं स्कूल का समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित थे।

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण

# महिला सशक्तिकरण, किसान समृद्धि, युवा, श्रमिक उन्नयन, आमजन को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँः जवाहर सिंह बेढ़म

जयपुर टाइम्स

धौलपुर(निस)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से गत दो वर्षों में जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में महिला सशक्तिकरण, किसान समृद्धि, युवा, श्रमिक उन्नयन और आमजन को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं। जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि जिला प्रशासन व विभागीय समन्वय के माध्यम से लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के सरकारी संकल्प को प्रदेश ने जमीनी स्तर पर साकार किया है। केंद्र सरकार की महिला कल्याण की योजनाओं से प्रदेश के सामाजिक ढांचे में सकारात्मक बदलाव आया है। पीएम मातृ वंदना योजना के अंतर्गत प्रदेश की 9.92 लाख महिलाओं को 531 करोड़ रुपए की सहायता राशि उलब्ध करवाई गई है। इसी प्रकार लखपति दीदी



योजना से राज्य में 19.45 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है और 12.06 लाख महिलाएँ आर्थिक रूप से लखपति दीदी बन गई हैं। डबल इंजन की सरकार ने इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया जिसमें करोड़ों रुपए के निवेश अब तक धरातल पर उतर चुके हैं। इसी प्रकार केन्द्रीय उपक्रमों के साथ 2.61 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे भविष्य में बड़े स्तर पर औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति की नींव को सशक्त करने की दिशा में अटल ज्ञान केंद्र राजस्थान सरकार की एक अनूठी पहल है, जो ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और नागरिकों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है। प्रत्येक केंद्र में ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध होगी, जहां पुस्तकें और शैक्षणिक सामग्री डिजिटल रूप में मौजूद रहेगी। कंप्यूटर और इंटरनेट की व्यवस्था से युवा ऑनलाइन अध्ययन कर सकेंगे। विशेष रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित सेक्शन होगा। अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना के कार्य को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। फेज-1 के अंतर्गत 3,000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत मुख्यालयों को प्राथमिकता दी गई है।

# मोटिवेशनल स्पीच देकर विद्यार्थियों में किया सकारात्मक ऊर्जा का संचयन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंघावली खुर्द में, गिनीज बुक व लिम्का बुक में कई बार रिकॉर्ड बनाने वाले प्रमोद कुमार कटारा, अर्जुन नगर, आगरा ने विद्यालय में आकर, विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता व अदम्य साहसी बनने की गुरु बतलाए। कटारा ने अपने जीवन से प्रारंभ करते हुए, वैज्ञानिक आइंस्टीन, एडीशन, अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने



का पाठ पढ़ाया। विद्यार्थियों के हौसले अफजाई करते हुए कटारा ने बीच-बीच में सवाल जवाब करते हुए विद्यार्थियों का ध्यान केंद्रीकृत रखने के उद्देश्य से स्पीच दौरान बीच-बीच में पारितोषिक विवरण किया। सभी विद्यार्थियों ने धैर्य पूर्वक उत्साह के साथ उन्हें सुना और आत्मसात किया। कटारा जी ने विद्यालय की स्वच्छता विद्यार्थियों के अनुशासन और छात्रों की लगनशीलता की बेहद प्रशंसा की और स्टाफ से अनुरोध किया कि वे जहां भी जाएं इसी प्रकार का विद्यालय बनाने का प्रयास करें। सरकारी विद्यालय को देखकर आज मैं आत्मा से प्रफुल्लित हुआ हूं। मैं केवल सरकारी विद्यालयों में जाकर ही छात्रों के शैक्षिक उन्नयन के लिए उनमें अदम्य साहस जागरूक करने के लिए प्रयास करता हूं। मैं विगत 24 वर्ष से अपना कार्य कर रहा हूं। एक लाख 12 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा के साथ-साथ वर्ष के 365 दिन हाईवे पर 2 घंटे सफाई कार्य करना मेरी नियमित दिनचर्या का भाग है। 9 घंटे स्विच बॉल पर बैलेंस बनाते हुए लगातार एक ही पोजीशन में बैठना उनकी कामयाबी की कहानी है। इस दौरान समस्त छात्राएं विद्यालय स्टाफ देवयानी वरिष्ठ अध्यापिका, पूजा यादव, शिल्पा शर्मा, प्रियंका शर्मा अध्यापिका, प्रधानध्यापक लक्ष्मी नारायण शर्मा, संजू राजपूत आदि प्रशिक्षणार्थी उपस्थिति रहे।

## महारैली' के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को होने वाली वोट चोर गद्दी महा रैली को सफल बनाने को लेकर बुधवार को डाक बंगला विराटनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व जिला संयोजक जगदीश मीणा व सह-संयोजक रामनिवास यादव ने किया, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र रातवाल ने की। बैठक में रैली के लिए कार्यकर्ताओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रोडमैप तैयार किया गया।कार्यक्रम में विराटनगर के पूर्व विधायक व कोटपूतली-बहरोड़ जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। गुर्जर ने रैली को कांग्रेस की जन-आवाज़ का महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में दिल्ली पहुँचने का आह्वान किया। बैठक में प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया लाल, मंडल अध्यक्ष देशराज सैनी, पार्षद सोनू जैन, अशोक गुर्जर, मेहरसिंह धनखड़ सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि दिल्ली में होने वाली यह महा रैली प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण संदेश देगी और संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेगी।

## सांसद खेल महोत्सवः गंदगी का आलम, व्यवस्थाएं बदहाल



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** सांसद खेल महोत्सव का चौथा दिन उत्साह से ज्यादा शर्मिंदगी का कारण बन गया। जिस मैदान पर खिलाड़ियों को जोश, प्रेरणा और खेल भावना मिलनी चाहिए, वहां कचरे के ढेर, टूटी डिस्पोज़ल सामग्री और बदबू ने पूरे आयोजन की साख पर सवाल खड़े कर दिए। सुबह मुकाबले शुरू होने से पहले ही खिलाड़ी और अभिभावक मैदान की हालत देखकर सकते में पड़ गए। कई जगह बोतलें, पॉलिथिन, और बिखरा कचरा देखकर लोग आपस में यही चर्चा करते दिखे कि जब मैदान ही साफ नहीं, तो इसे महोत्सव कहने का हक किसे है? 'स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार विभागों की घोर लापरवाही पर कड़े शब्दों में नाराज़गी जताते हुए कहा कि करोड़ों खर्च के दावे तो खूब किए जाते हैं, लेकिन व्यवस्थाओं का हाल हर बार यही रहता है। खिलाड़ियों का मनोबल मैदान की सूरत देखकर टूटता जा रहा है, लेकिन कोई अधिकारी मौके पर हाल जानने तक नहीं पहुंचा। लोगों का कहना है कि यदि आयोजन समिति और संबंधित विभाग तुरंत सफाई व व्यवस्था दुरुस्त नहीं करते, तो यह महोत्सव खेल का उत्सव नहीं बल्कि अव्यवस्था का 'दर्पण' बनकर रह जाएगा। फिलहाल मैदान की दुर्दशा ने पूरे आयोजन की गुणवत्ता और गंभीरता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

## *जयपुर - भीलवाड़ा मेगा हाईवे कचरे से अटा, जिम्मेदार बेखबर*



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** जयपुर- भीलवाड़ा मेगा हाईवे पर गुलाब सर्विस स्टेशन एच पी पेट्रोल पंप जगन्नाथपुरा के पास इन दिनों कचरे का अंबार लगा हुआ है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों राहगीर गुजरते हैं, जिन्हें दुर्गंध के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे किनारे जमा यह कचरा अब स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन गया है। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय ग्राम पंचायत ने ही इलाके की सफाई के बाद सारा कचरा हाईवे किनारे डाल दिया है। इससे गांव की गंदगी तो साफ हो गई, लेकिन हाईवे को कूड़ाघर में बदल दिया गया। इस कचरे को खाकर निराश्रित गायें बीमार हो रही हैं। कई गायें दिनभर प्लास्टिक चबाती देखी जाती हैं। हालांकि, जिम्मेदार अधिकारी इस स्थिति से पूरी तरह बेखबर या अनदेखी कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत कचरा उठाकर हाईवे पर डाल देती है और फिर हफ्तों तक कोई इसकी सुध नहीं लेता। न तो सफाई की जाती है और न ही कचरा हटाने के कोई उपाय किए जाते हैं, जिससे पूरा इलाका दुर्गंध से भरा रहता है। हाईवे पर बढ़ती गंदगी सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन गई है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगे।

### खोया पाया

रामनगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि . का अनिल पंवार प्लॉट नं 216, श्री नारायण विहार (v) , बस्सी जयपुर का ओरिजिनल पट्टा खो गया । यदि किसी को मिले तो हमें इस नंबर पर सूचित करें। 7821986415

## प्रमोद जैन बने दूदू अभिभाषक संघ अध्यक्ष, मुकेश शर्मा महासचिव निर्वाचित

### कड़वा को 15 मतों से हराया, मीणा चारों खाने चित्त

जयपुर टाइम्स

**दूदू(निसं)।** अभिभाषक संघ दूदू के वार्षिक चुनाव न्यायालय परिसर में मुख्य चुनाव अधिकारी मंजूर अली व सहायक चुनाव अधिकारी इमरान खान मंसूरी की देखरेख में गुरुवार को संपन्न हुए। सहायक चुनाव अधिकारी इमरान खान मंसूरी ने बताया कि अभिभाषक कक्ष में स्थित मतदान स्थल पर मतदान हुआ जिसमें 65 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबले में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी प्रमोद कुमार जैन को 38 मत, प्रहलाद कड़वा को 23 व नंद किशोर मीणा को 4 मत मिले। अध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार जैन 15 मतों से विजयी हुए। महासचिव पद पर मुकेश शर्मा व बलवंत चौधरी के मध्य सीधे मुकाबले में मुकेश शर्मा को 40 मत व बलवंत सिंह चौधरी को 24 मत मिले जबकि एक मत खारिज हुआ। महासचिव पद पर मुकेश शर्मा 16 मतों से विजयी हुए। कोषाध्यक्ष पद पर रोशन महारानियां व इशितयाक शेख के मध्य सीधा मुकाबला



हुआ जिसमें इशितयाक शेख को 36 मत रोशन महारानियां को 28 मत मिले,एक मत खारिज हुआ। कोषाध्यक्ष पद पर इशितयाक शेख 8 मतों से विजयी हुए। शेष पदों पर एकल नामांकन होने से उपाध्यक्ष पद पर गिरधारी लाल वर्मा, सह सचिव पद छोटूलाल गुर्जर,बीपुस्तकालय सचिव पद पर रवि कुमार साहू, सांस्कृतिक सचिव पद पर सत्येंद्र सिंह खंगारोत, कार्य कारिणी सदस्य के 4 पदों पर नसीम उल हक, उदय सिंह चौधरी, मगन लाल शर्मा, कन्हैयालाल सैनी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। एक्सपियो कार्यकारिणी सदस्य में खुशराज सिंह राजावत व दीपक दाधीच भी नियुक्त हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव अधिकारीने निर्वाचन पत्र व माला-साफा पहनाकर स्वागत किया।

## संभागीय आयुक्त ने सरकारी संस्थाओं का किया निरीक्षण

### सफाई व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

### बालिका विद्यालय की बच्चियों का शैक्षणिक स्तर देख पीठ थपथपाई




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** संभागीय आयुक्त नलिनी कठौतिया गुरुवार को धौलपुर जिले के दौरे पर पहुंची। सैपऊ उपखंड मुख्यालय की सरकारी संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर संबंधित संस्था प्रधानों को व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए। नलिनी कठौतिया सबसे पहले राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर औचक निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने प्रसूति वार्ड, दवा वितरण केंद्र, जनरल वार्ड, ओपीडी, लैब केंद्र व ट्रॉमा सेंटर का निरीक्षण कर हालातो का जायजा लिया। अस्पताल की सफाई व्यवस्था बेहतर पाए जाने पर खुशी जाहिर की। स्थानीय लोगों ने संभागीय आयुक्त को अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणों को आस्वस्त करते हुए कहा कि समस्या को ध्यान में रखते हुए शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। इसके बाद राजकीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। कक्षाओं में उन्होंने बालिकाओं के शैक्षणिक स्तर की भी परख की। बेटियों का शैक्षिक स्तर अच्छा पाए जाने पर पीठ थपथपाई। उन्होंने मिड डे मील की रसोई का भी निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था कमजोर पाए जाने जाने पर संस्था प्रधान को निर्देश दिए। इसके बाद पशु अस्पताल व ट्रेजरी ऑफिस व सीओ कार्यालय का भी निरीक्षण किया। सभी संस्था प्रधानों को अपने-अपने क्षेत्र में आमजन से जुड़ी समस्याओं को समय रहते निवारण करने के निर्देश दिए है।

## 11 केवी लाइन से लाखों की केबल चोरी, गांव की बिजली गुल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मनियां क्षेत्र से लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर मांगरोल रोड स्थित वायरलैस पूट के नजदीकी इलाके से चोरों ने 8 विद्युत पोलों से लाखों रुपए की विद्युत लाइन की चोरी कर ली । चोरों ने 9 दिसम्बर की मध्य रात्रि 11 हजार केवी लाइन वायरलैस पूट से भूरा सुंदरा का पुरा, कामराज का पुरा की ओर जा रही 11 केवी लाइन को निशाना बनाया। चोरों ने इस लाइन से लगभग 600 मीटर केबल चुरा ली, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।चोरों ने करीब 8 बिजली के खंभों तक फैली 600 मीटर लंबी थ्री-फेज 95 एमएम की एबी केबल काटी। चोरी हुई इस केबल की अनुमानित बाजार कीमत लगभग ?2,49,064 बताई जा रही है। केबल चोरी के कारण पूरी बिजली लाइन ठप हो गई है, जिससे संबंधित गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। ग्रामीणों को रातभर और सुबह से बिजली न होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी साहब सिंह, करनसिंह, लाखनसिंह ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही बताते हुए कहा कि लगभग 3 दिन से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से



ठप्प पड़ी है जिसके कारण लगभग एक दर्जन किसानों की समरपंप बंद पड़ी है जिसके कारण खड़ी फसल सूखती हुई नजर आ रही है। वही लगभग तीन गांव के लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कई लोगों ने तो दबे स्वर में कहा कि लगता है विद्युत लाइन चोरी में विद्युत कर्मचारी का हाथ है। लोगों ने रात के अंधेरे में इतनी लंबी केबल चोरी होने पर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। घटना की सूचना मिलने के बावजूद भी बिजली विभाग की टीम मौके पर न पहुंच कर अगले दिन जांच के नाम पर खानापूर्ति की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस चोरी में शामिल गिरोह को जल्द गिरफ्तार करने और क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## सुचारू व निष्पक्ष रूप से संचालित हो फसल तुलाई कार्यः सुराणा

### जिला कलक्टर ने किया सरदारशहर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**चूरू/सरदारशहर(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के सरदारशहर स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में क्रय विक्रय सहकारी समिति का निरीक्षण किया और परिसर में एमएसपी पर चल रही मूंग व मूंगफली खरीद व तुलाई का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानों की फसल उपज को निर्धारित मापदंड के अनुरूप समय पर खरीद की जाए, तुलाई गति को बढ़ाते हुए सुनिश्चित करें कि तुलाई कार्य सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से संचालित हो और किसानों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसल उपज के सैम्पल क्लियर हैं व पैरामीटर के अनुरूप सही हैं, उनकी फसल खरीद समयबद्ध ढंग से की जाए। किसानों को विभागीय सेवाओं का समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से



समुचित लाभ मिले। नियमानुसार एमएसपी पर फसल खरीद की जाए। खरीद सेंटर पर पानी, छाया सहित आवश्यक सेवाओं की सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मौजूद किसानों से संवाद किया तथा तुलाई, खरीद और मूंग व मूंगफली की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक लिया। समिति के व्यवस्थापक आकिब जावेद ने व्यवस्थाओं व तुलाई की जानकारी दी। इस दौरान सरदारशहर एसडीएम रामकुमार वर्मा भी साथ रहे।

## रॉयल्टी नाकाकर्मी के साथ मारपीट मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में (वांछित अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब, अवैध हथियार, अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही) के अन्तर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार व नरेन्द्र मीणा आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा व कृपाल सिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी आंगई की ओर से थाना क्षेत्र के मारपीट मामले में फरार मुल्जिम रामराज व उग्रसिंह उर्फ उग्रसेन को गिरफ्तार किया। घटना 18 नवम्बर 2025 को एक तहरीर रिपोर्ट रॉयल्टी नाका कर्मी अनेक सिंह जादौन पुत्र रामेश्वर सिंह जादौन उम्र 47 साल निवासी पिपरैट थाना आंगई जिला धौलपुर ने थाना पर उपस्थित होकर इस आशय पेश की थी कि 18 नवम्बर 2025 को करीब रात 1 बजे की बात है एक फोर्च्यूनर गाड़ी में चार पांच व्यक्ति आये। जो अपने आप को रॉयल्टी ठेकेदार बता रहे थे और जब में कमरे से बाहर आया तो वो लोग गाली गलोच देने लगे और मुझे मारने की कोशिश की। तो मैं भागकर कमरे में अंदर चला गया और कमरे की अंदर से कुंदी लगा ली। उन्होंने बाहर से खिड़कियों में पत्थर से हमला किया और गेटों को तोड़ने की कोशिश की और मुझे मारने की



धमकी दी। इस पर मुकदमा धारा बीएनएस में दर्ज कर थानाधिकारी कृपाल सिंह उप निरीक्षक की ओर से अनुसंधान एवं मुल्जिमों की तलाश जारी रखी। तलाश के दौरान 10 दिसम्बर 2025 को उक्त मामले का करीब 22 दिन से फरार मुल्जिम रामराज पुत्र भजन सिंह गुर्जर उम्र 32 साल निवासी मोहरी थाना नादनपुर जिला धौलपुर व उग्रसिंह उर्फ उग्रसेन पुत्र बनैसिंह गुर्जर उम्र 24 साल निवासी गांव बडरिया थाना नादनपुर जिला धौलपुर को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर पूछताछ जारी हैं।

## आमजन को दें बेहतरीन विभागीय सेवाओं का लाभः सुराणा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के भानीपुरा तहसील कार्यालय और पुलिस थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी और आवश्य?क दिशा–निर्देश दिए। भानीपुरा तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर रिकॉर्ड, स्टाफ, भवन, न्यायालय शाखा, राजस्व शाखा, पंजीयन शाखा, भू–अभिलेख शाखा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व कार्यों में आमजन को बेहतरीन सेवाएं दी जाएं। कार्यालय परिसर में समुचित साफ–सफाई रखें तथा बेहतरीन विभागीय सेवाओं का लाभ आमजन को दें। उन्होंने तहसील कार्यालय में नामांतरण, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व अभिलेख, पंजीयन आदि के बारे में जानकारी ली और समुचि?त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय प्रकरणों, नामांतरण, विभाजन, सीमाज्ञान आदि कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। प्रत्येक प्रकरण की समयसीमा निर्धारित कर नियमित मॉनिटरिंग से निस्तारित करें। तहसील कार्यालय में तहसीलदार मुरारी लाल ने जानकारी दी। इस दौरान नायब तहसीलदार पवन कुमार, नायब तहसीलदार महावीर मीणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भवानी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। इसके बाद जिला कलक्टर सुराणा ने भानीपुरा पुलिस थाने में मालखाने, रिकॉर्ड, भवन, स्टाफ रूम और कार्यालय का निरीक्षण किया तथा ऑनलाइन रोजनामचे, विलेज क्राइम नोटबुक (वीसीएनबी) का अवलोकन कर जानकारी ली। उन्होंने भानीपुरा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा गतिविधियों को बढ़ाने और हाइवे पर सड़क एजेंसियों से समन्वय करते हुए आवश्यक संकेतक, ब्रेकर बनवाने सहित निर्देश दिए।

## कार्यालय ग्राम पंचायत प्रेमनगर, पंचायत समिति पावटा (कोटपूतली बहरोड़)

क्रमांक :- ग्रा.पं.प्रे/ निविदा / 2025-26/153 | दिनांक : 09/12/2025

### ई-निविदा सूचना 2025-26

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत प्रेमनगर में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए.बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तें एवं जी- शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http//sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN=
ZJP2526WSRC01962 ZJP2526WSRC01961
ZJP2526WSRC01960 ZJP2526WSOB01959

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत प्रेमनगर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत प्रेमनगर**

## न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, क.सं. 1 खेतड़ी जिला झुंझुनूं राजस्थान

क्रमांक 40/ | दिनांक-5/12/2025

### इश्तिहार आम

नाम न्यायालयः अपर जिला न्यायाधीश क.सं. 1 खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.
पीठासीन अधिकारी श्री प्रेम सिंह धनवाल जिला न्यायाधीश संवर्ग
दीवानी मु.नं.27/2025 आवेदन पत्र बाबत लैटर ऑफ प्रोबेट अन्तर्गत
धारा 222 भारतीय उतराधिकार अधिनियम 1925 वसीयत दिनांक 28.10.2008 मृतक मालीराम शर्मा

उनवान मुकदमा
1 महेश कुमार शर्मा पुत्र श्री मालीराम शर्मा उम्र 62 वर्ष जरिये मुख्तयार नरेश चन्द शर्मा पुत्र श्री मालीराम शर्मा निवासी बीलवा तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.
2. नरेश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री मालीराम शर्मा उम्र 54 वर्ष निवासी बीलवा तहसील खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज. मो.नं. 9871056691

**आवेदकगण**

**बनाम**

1. श्रीमती अन्जना शर्मा पुत्री स्व. मालीराम शर्मा पत्नी निशिकान्त शर्मा उम्र 53 वर्ष निवासी हाल आबाद केयर ऑफ डी एस एण्टरप्राईजेज माकुम रोड़, यूको बैंक बिल्डिंग तिनसुकिया. आसाम पिन 786146 मो. नं. 9435135742
2. श्रीमती अर्चना शर्मा पुत्री स्व. मालीराम शर्मा पत्नी विजय शर्मा उम्र 51 वर्ष हाल आबाद एल 1/16 तृतीय फ्लोर एल आई सी फ्लेटस विद्याधर नगर जयपुर (राज.) पिन- 302039 मो.नं. 9588048462
3. श्रीमती अनुश्री शर्मा पुत्री स्व. मालीराम शर्मा पत्नी सुभाष शर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी हाल आबाद डी. एल. 164 द्वितीय फ्लोर सेक्टर 2, साल्ट लेक सिटी.. कोलकता 700091 मो. नं. 9531837526
4. भूमि धारक जरिये तहसीलदार खेतड़ी जिला झुंझुनूं राज.
5. हर आम व खास

**अनावेदकगण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदकगण ने अपने पिता मृतक मालीराम शर्मा के द्वारा लिखी गई वसीयत दिनांक 28.10.2008 का प्रोबेट जारी कर ग्राम बीलवा में स्थित अचल सम्पति भूमि हाल खाता सं. 30 में स्थित ख.नं. 316 रकबा 0.02 हैक्टर ख. नं. 317 रकबा 3.01 हैक्क्टर कुल किता 2 कुल रकबा 3.03 हैक्टर में 1/4 हिस्सा में आवेदक सं. 1 का 1/2 हिस्सा व आवेदक सं. 2 का 1/2 हिस्सा का व ग्राम बीलवा में स्थित अचल सम्पति भूमि हाल खाता सं. 179. में स्थित खं.नं. 477 रकबा 221 हैक्टर में 1/2 हिस्सा में आवेदक सं. 1 का 1/2 हिस्सा व आवेदक सं. 2 का प्रोबेट जारी करवाने के लिये आवेदन पत्र पेश किया है।

अतः सभी संबंधित हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त आवेदक व अनावेदकगण के अतिरिक्त किसी भी शख्स को ऐतराज हो तो वह स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से दिनांक. 04/02/26 को प्रातः 10.30 बजे न्यायालय हाजा में उपस्थित हो जाये अन्यथा प्रोबेट जारी कर दिया जायेगा।

आज दिनांक 5/12/25 का हमारे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया ।

**आज्ञा से**
**न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश,**
**क.सं. 1 खेतड़ी जिला झुंझुनूं राजस्थान**

# जिला कलेक्टर ने जासासर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, किसान केन्द्र व ग्राम पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण

## राउमावि पूलासर का अवलोकन कर देखी व्यवस्थाएं

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के जासासर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, किसान सेवा केन्द्र व ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में राउमावि पूलासर का भी अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखी।



### आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण:

जिला कलक्टर ने जासासर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया तथा ओपीडी, औषधियों की आपूर्ति व उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, साफ-सफाई, टीकाकरण व स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में सभी व्यवस्थाएं बेहतरीन रखें। ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर और सुचारू रूप से मिलनी चाहिए। प्रभारी डॉ संतोष चौधरी ने व्यवस्थाओं से अवगत करवाया।

### किसान सेवा केन्द्र का अवलोकन:

जिला कलक्टर ने किसान सेवा केन्द्र में कृषि विभाग की योजनाओं, खाद-बीज वितरण, कृषि सलाह सेवाओं एवं किसानों की समस्याओं, वर्तमान में फसल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा करवाने तथा विभागीय योजनाओं के बारे में समुचित जानकारी दी जाए।

उन्होंने कहा कि किसान सेवा केन्द्र किसानों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्था है। इसलिए किसान केन्द्र को नवाचार एवं जागरूकता का केंद्र बनाते हुए किसानों को आधुनिक खेती, जल संरक्षण और जैविक कृषि के बारे में जागरूक करें। कृषि पर्यवेक्षक रमेशचंद्र ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

### ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण:

उन्होंने जासासर ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर ग्राम पंचायत में महानरेगा कार्यों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, रिकॉर्ड संधारण संबंधी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन के समन्वय से ग्राम पंचायत स्तर पर सुविधाओं के विकास के लिए विशेष प्रयास करें। कनिष्ठ सहायक सुमन ने व्यवस्थाओं व योजनाओं की क्रियान्विति की जानकारी दी।

### राउमावि पूलासर का अवलोकन:

इसी क्रम में जिला कलक्टर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पूलासर में संचालित खगोल प्रयोगशाला एस्ट्रॉनॉमी लैब एवं आरआरआर सेंटर का अवलोकन किया गया। इसी के साथ 'प्रखर राजस्थान' के तहत चल रही कक्षाओं का अवलोकन कर विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके साथ ही राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का अवलोकन कर विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। संस्था प्रधान विजय सिंह ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान सतीश सैनी, अशोक शर्मा, सोनिया नागपाल, प्रमोद कुमार, घीसाराम सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# धूम धड़ाका प्रीमियर लीग में आज से होगा धूम धड़ाका

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** धूम धड़ाका चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित धूम धड़ाका प्रीमियर लीग, सीजन 2 का आगाज 12 दिसंबर से होगा। लीग के संयोजक चंद्रकांत खुड़िया ने बताया कि इस बार लीग में 9 टीमों ने हिस्सा लिया है। 12 दिसंबर को 9 टीमों के बीच लीग मैच होंगे और सेमीफाइनल और फाइनल मैच 13 दिसंबर को होंगे। ट्रस्ट के सेटलर ट्रस्टी बसंत बोरड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री के सपने -बेटियों को आगे बढ़ाओ.. को सफल रूप देते हुए ट्रस्ट द्वारा इस लीग में एक मैच छात्राओं का भी रखा गया है। लीग से उद्देश्य है कि हम क्षेत्र और आसपास की बालिकाओं को क्रिकेट का एक ऐसा मंच दें, जिस से उनके आगे का मार्ग प्रशस्त हो। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गोपालपुरा सरपंच सविता राठी, उप पुलिस अधीक्षक दरजाराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया होंगे। साथ ही बोरड़ ने सुजानगढ़ एवं आस पास के क्षेत्र की जनता एवं सीजन 2 में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बताया कि सुजानगढ़ में इस तरह के अपने पहले मैच का क्रेज हर जगह बना हुआ है। संयोजक खुड़िया के अनुसार लीग में सुजानगढ़ व आसपास के विद्यालयों के बीच क्क्च्स् खेला जाएगा। विजेता टीम के साथ साथ ऑरेंज और पर्पल कैप विजेता को भी पुरस्कृत किया जाएगा। टूर्नामेंट की तैयारियों में आशीष माटोलिया, मनीष बोरड़, कुलदीप दुग्गड़, नितिन बोरड़, वैभव, दिनेश व हेमंत शर्मा जुटे हुए हैं। दूसरी ओर एसजी मार्ट के मैनेजर भगवानाराम भी इसमें सहयोग कर रहे हैं और नया बास स्थित मैदान का निरीक्षण भी किया गया।


# OFFICE OF PANCHAYAT SAMITI PATAN (SIKAR)

S.NO.: 1709 DATE: 10-12-2025

**Noticc Invitine Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 09-12-2025, 09:30 AM to 18-12-2025, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rai.nic.in) ofthe state. The approximate value ofthe work is maximum RS. 500000/

UBN No. PKP2526WSOB00215-217

**BDO**
**PS PATAN**


# जिला कलक्टर सुराणा ने सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर का किया विमोचन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला कलक्टर कार्यालय में प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर का विमोचन किया और अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक बुनियादी यातायात नियमों का पालन करे तो अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को व्यापक स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियां तथा हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, डीटीओ नरेश कुमार बसवाल एवं यातायात पुलिस प्रभारी हंसराज सहित अन्य मौजूद रहे।



# तोदी महाविद्यालय में इग्नू अध्ययन केन्द्र विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** स्थानीय भगवानदास तोदी महाविद्यालय में संचालित - इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र 2312 पर गुरुवार को नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचयात्मक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें जयपुर के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. शेर सिंह के मुख्य वक्त व आतिथ्य व प्राचार्य डॉ नगेंद्र सिंह नाथावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि डॉ शेर सिंह ने बताया कि इग्नू एक दूरस्थ शिक्षा संस्थान है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से उन विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है जो किसी कारणवश नियमित रूप से कॉलेज जाकर अध्ययन नहीं कर पाते। साथ ही डॉ शेर सिंह ने डीईसीई पाठ्यक्रम की असाइनमेंट और प्रोजेक्ट किस तरह से तैयार की ओर उसके क्या ग्रेड अंक है उसकी भी जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने इग्नू के विभिन्न पाठ्क्रमों व रोजगार के अवसर तथा इग्नू से अध्ययन करने आदि पर विस्तृत जानकारी दी। इग्नू अध्ययन केन्द्र 2312 के समन्वयक डॉ. जितेन्द्र कांटिया ने अध्ययन केंद्र की भूमिका और सुविधाओं के बारे मे जानकारी दी। इस अवसर पर इग्नू के पार्ट टाइम असिस्टेंट प्रभाकर पुजारी, सुधाकर पुजारी, पंकज शर्मा, सुरज्ञान कंवर, महाविद्यालय के संकाय सदस्य व अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।




# OFFICE OF GRAM PANCHAYAT NYORANA P.S. PATAN (SIKAR)

S. No. 105 DATE : 11-12-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 11-12-2025, 09:30 AM to 19-12-2025, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 5.00 Lac/-

UBN No. PKP2526WSOB00218-222

**PRASHASHAK**
**GP NYORANA**

**VDO**
**GP NYORANA**


# एलईडी मोबाइल वैन से जन जागरूकता अभियान 12 दिसम्बर से शुरू

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** वर्तमान भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिए सूचना व जनसंपर्क विभाग की ओर से एलईडी मोबाइल वैन आधारित विशेष जन जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 12 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक 15 दिनों तक संचालित होगा। लक्ष्मणगढ़ उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि यह मोबाइल वैन प्रतिदिन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी। अभियान के तहत 12 दिसंबर को जूलियासर, तिडोकी बड़ी, गाड़ोदा, सोला, मीरन,13 दिसंबर को घाणा, सिगडोला बड़ा, रूल्याणी माली, सुठोठ, नाशनवा,14 दिसंबर को जेवली, घिरनिया बड़ा, तूनवा, काछवा, बोदलासी,15 दिसंबर को सूतोद, कलवा डूंगरवास, गनेडी, नेछवा, कुमास जागीर, 16 दिसंबर को रूल्याना पट्टी, भीलूंडा, रूल्याणी, झाझड़, ढहर का बास,17 दिसंबर को बिदासर, बीदसर, बिडाडी बड़ी, खिंवासर, पलनावा, पालड़ी में कार्यक्रम आयोजित होंगे।इसी प्रकार 18 दिसंबर को डूडवा, खिरवा, सिंगोदड़ा, आंतरौली, बलारा,19 दिसंबर को चूड़ीमियां, सांखू, खेड़ी राड़ान, माधोपुरा, रहनावा, 20 दिसंबर को यालसर, लालासी, खुड़ी बड़ी, घस्सू, जसरासर, 21 दिसंबर को हमीरपुरा, कंटेवा, सनवाली, खेड़ी दंतुजला, भूमा बड़ा, 22 दिसंबर को जाजोद, खालियानाउ, बाटडानाऊ, धाननी, नरसास,23 दिसंबर को अलखपुरा बोगन, बठोट, पाटोदा, हापास, भोजासर बड़ा, 24 दिसंबर को बादुसर, रोरू बड़ी, बगड़ी, कुमास जाटान, अलखपुरा गोदारान, 25 दिसंबर को रीणु, दिसनाऊ, राजपुरा, बैरास में जनसंपर्क गतिविधियाँ होंगी। अभियान के अंतिम दिन 26 दिसंबर को यह कार्यक्रम लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में सालासर बस स्टैंड, तोदी कॉलेज के सामने, नरोदडा, मुरली मनोहर मंदिर परिसर और मावलियों की ढाणी मानसी में आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान से आमजन को सरकार की योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।


प्रारूप-5
(नियम - 6) (2) देखिए

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभरलेक (जयपुर)**

क्रमांकः-नपासां/ 2025-26/2155 दिनांकः- 11/12/2025

**लोकसूचना**

पालिका कार्यालय में निम्न आवेदकों द्वारा नीचे वर्णित भूमि मे के अपने अधिकार आवासीय के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| नगर पालिका का नाम | आवेदक का नाम व पता | भूखण्ड का विवरण | क्षेत्रफल (वर्गगज में ) |
|---|---|---|---|
| सांभर लेक | श्री योगराज सैनी पुत्र श्री रामलाल सैनी निवासी- नावा रोड, सांभर लेक | न्यू मार्केट, सांभर लेक | 267.56 वर्गगज |
| सांभर लेक | श्री योगराज सैनी पुत्र श्री रामलाल सैनी निवासी- नावा रोड, सांभर लेक | न्यू मार्केट, सांभर लेक | 130.59 वर्गगज |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी 69-क के अधीन पूर्ण व्यक्ति के पास राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा स्वामित्व पट्टा अधिकार अभप्राप्त करने के लिए नगरपालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि मे के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।

**प्राधिकृति अधिकारीकारी**
**नगर पालिका सांभर लेक**



**कार्यालय :- अधीक्षक, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email- msdbhchuru@gmail.com Phone: 01562-250333
कमांकः- लेखा/निविदा/2025/3567 दिनांकः 7/12/25

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं / अधिकृत फर्मों/ डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने /निविदा खोलने की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस / समय में और वैवसाईट sppp rajasthan.gov.in पर देखने / डाउनलोड करने हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | मेडिकल ऑक्सीजन सिलेण्डर रिफिलिंग कर सप्लाई हेतु | MHS2526SSOB05369 |

DIPR/C/18246/2025

**अधीक्षक**
**राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**



**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/ 3568 दिनांकः- 7-12-25

**खुली नीलामी बोली सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/अधिकृत फर्मों/डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने / निविदा खोलने की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस / समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखनें /डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | प्रिटिंग कार्य हेतु | MHS2526GSRC05363 |

DIPR/C/18245/2025

**सदस्य सचिव (RMRS)**
**राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक : डी-1527-1536 दिनांक : 08/12/2025

**ई-निविदा सूचना सं. 31/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत अस्थाई सड़क मरम्मत कार्य फैज - द्वितीर्य कुल 01 कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी. डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी । ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD252644645 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| SN NO | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSRC18514 |

DIPR/C/18261/2025

**( अनिता रेडू )**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**सा. नि. वि. खण्ड-तारानगर**



# कार्यालय, नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक :- न.पा.ता/ 2025 - 26 / 5093 दिनांक :- 11/12/25

## आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने कृषि भूमि, 69ए नियमन सरेण्डर, स्टेट ग्राण्ट व पट्टा नामान्तरण हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे 7 बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | आवेदन सं. | कुल तादादी (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन कुमार पुत्र गिरधारी | 1 | 162822 | 23 | 188.10 | पट्टा नामान्तरण |
| 2. | अनन्त कुमार पुत्र गिरधारीलाल शर्मा | 1 | 162821 | 22 | 188.10 | पट्टा नामान्तरण |
| 3. | महेन्द्र सिंह पुत्र भंवर सिंह | 25 | 163658 | 21 | 229.92 | पट्टा नामान्तरण |
| 4. | जरीना बानो पत्नी इस्लाम गौरी | 04 | 323687 | 88 | 35.84 | 69ए सरेण्डर |
| 5. | कुरसेदा पत्नी मुस्ताक अली | 12 | 322368 | 89 | 101.13 | 69ए सरेण्डर |
| 6. | श्री गोपाल गौशाला समिति तारानगर जरिये अध्यक्ष केशरीचन्द दूदानी | 10 | 323438 | 90 | 4995.26 | 69ए सरेण्डर 1 |
| 7. | श्री गोपाल गौशाला समिति तारानगर जरिये अध्यक्ष केशरीचन्द दूदानी | 10 | 323430 | 91 | 4985.44 | 69ए सरेण्डर 2 |
| 8. | बजीरा पत्नी भंवरूदीन | 26 | 323640 | 143 | 78.03 | कृषि भूमि नियमन |
| 9. | देवीदयाल पुत्र घड़सीराम | 22 | 238958 | 32 | 156.75 | स्टेट ग्रान्ट एक्ट |
| 10. | मीकी पत्नी दलपत सिंह | 08 | | 2033 | 1486.29 | कृषि भूमि नियमन |
| 11. | सुमेर पटीर पुत्र श्योकरण | 29 | 324087 | 87 | 77.78 | 69ए सरेण्डर |
| 12. | नोरती जाडीवाल पत्नी त्रिशुल | 1 | 324257 | 148 | 200.65 | कृषि भूमि नियमन |
| 13. | कमलेश कुमार सरावगी पुत्र शंकरलाल सरावगी | 30 | 141913 | 24 | 28.80 | पट्टा नामान्तरण |
| 14. | जगदीश प्रसाद पुत्र भगवानाराम | 25 | 323292 | 147 | 175.56 | कृषि भूमि नियमन |
| 15. | मुशताक अहमद पुत्र चिरागदीन | 26 | 323619 | 146 | 146.30 | कृषि भूमि नियमन |
| 16. | मुशताक अहमद पुत्र चिरागदीन | 26 | 323625 | 145 | 83.60 | कृषि भूमि नियमन |
| 17. | लीलू खां पुत्र नशीरदीन | 26 | 323634 | 144 | 88.89 | कृषि भूमि नियमन |
| 18. | तिलोकचन्द सैनी पुत्र सीताराम सैनी | 11 | 324357 | 65 | 202.87 | कृषि भूमि नियमन |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका तीरानगर**

# किसानों के साथ धोखाः फसल खराबा अधिक, विभाग ने भेजी कम खराबे की रिपोर्ट!



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** विधानसभा क्षेत्र के सिद्धमुख व राजगढ़ तहसीलों में खरीफ-2025 की फसल को भारी अतिवृष्टि ने बुरी तरह प्रभावित किया, लेकिन राजस्व विभाग की ओर से भेजी गई कम नुकसान की रिपोर्ट अब बड़े विवाद का कारण बन गई है। क्षेत्र के किसानों ने आरोप लगाया है कि वास्तविकता में 70-80 प्रतिशत तक फसलें नष्ट हुई थीं, फिर भी स्थानीय पटवारियों ने खेतों का दौरा किए बिना ही ऑफिस में बैठकर 25 प्रतिशत से भी कम नुकसान की गलत रिपोर्ट तैयार कर दी। एडवोकेट हरदीप सुंदरियां ने बताया कि कृषि मंत्रालय ने मांगी थी एक सप्ताह में रिपोर्ट, दो सप्ताह दबा रहा आदेश। किसानों के अनुसार कृषि मंत्रालय, राजस्थान सरकार की ओर से 4 सितंबर 2025 को सम्पूर्ण सादुलपुर क्षेत्र में विशेष गिरदावरी के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन यह आदेश दो सप्ताह तक कलेक्टर कार्यालय चूरू में ही लंबित रहा। इसके बाद भी पटवार मंडलों के कार्मिकों ने वास्तविक गिरदावरी न करके मनमानी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज दी। किसानों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर चूरू व मुख्यमंत्री राजस्थान को ज्ञापन प्रेषित कर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि जब तक सही गिरदावरी नहीं होती और वास्तविक नुकसान दर्ज नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है।

### टोकन पर मूंग खरीद व बीमा कंपनियों की रिपोर्ट में बड़ा नुकसान प्रमाणितः

किसानों ने कहा कि सरकारी खरीद केंद्रों पर मूंग की टोकन-आधारित खरीद के आंकड़े और फसल बीमा कंपनियों की सर्वे रिपोर्ट स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि क्षेत्र में खरीफ फसलों को 70 प्रतिशत से भी अधिक नुकसान हुआ था। इसके बावजूद स्थानीय राजस्व अधिकारियों ने क्षेत्र को 'अभावग्रस्त श्रेणी' में शामिल नहीं होने दिया। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में भयंकर अतिवृष्टि से बाजरा, मूंग, ग्वार, कपास सहित अधिकांश फसलों का उत्पादन लगभग खत्म हो गया, लेकिन पटवारियों ने 'शून्य प्रतिशत या न्यूनतम नुकसान' दिखाकर पूरे क्षेत्र को मुआवजे से वंचित कर दिया। इससे हजारों किसान आर्थिक संकट में पहुंच गए हैं।

### नागौर की तर्ज पर कार्यवाही की मांगः

किसानों ने बताया कि नागौर जिले में इसी तरह के एक प्रकरण में राज्य सरकार ने गलत फसल-खराबा रिपोर्ट तैयार करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई करते हुए पुनः गिरदावरी के आदेश दिए हैं। किसानों ने मांग की है कि सादुलपुर क्षेत्र में भी नागौर मॉडल अपनाते हुए गलत सर्वे करवाने वाले कार्मिकों पर कठोर कार्रवाई की जाए और पुनः सही गिरदावरी करवाकर किसानों को उनका हक दिलाया जाए।

## किशोरी लाल प्रजापत बने राजलदेसर नगर अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** सनातन सेवा न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव ओम मिश्रा के निर्देशानुसार, चूरू जिला अध्यक्ष दिनेश लाहोटी व राजलदेसर तहसील अध्यक्ष खेमराज पारीक की संयुक्त अनुशंसा पर राजस्थान प्रदेश प्रभारी विनोद प्रजापति ने किशोरीलाल प्रजापत को राजलदेसर नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान को देखते हुए की गई इस नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह व खुशी की लहर दौड़ गई। नियुक्ति की खबर के बाद सनातन प्रेमियों ने श्रीयूनियन क्लब अतिथि भवन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। तहसील अध्यक्ष खेमराज पारीक की अध्यक्षता में सनातन प्रेमियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष किशोरी लाल प्रजापत को माला मुंह मीठाकर स्वागत किया गया और सभी ने अध्यक्ष को बधाई दी। कार्यक्रम में गोपाल मारू, मुकेश मारू, पवन बोथरा, प्रकाश भार्गव, जुगल किशोर शास्त्री, धनपत शर्मा, तुलसीराम पाण्डे, इन्द्रचन्द देवड़ा, राजेश गर्ग, अनिल सैनी, कपिल पारीक एडवोकेट, राजेश भार्गव, सुभाष वाल्मीकि, भगाराम प्रजापत, अनिल खण्डोलिया सहित सनातन प्रेमी मौजूद रहे।

## साउंड बजाने आए युवक के साथ मारपीट कर मोबाइल छीना,गाड़ी में की तोड़फोड़



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** सिंगोली मध्य प्रदेश से बिजौलियां में आयोजित एक कार्यक्रम में साउंड बजाने आए युवक के साथ 8-10 लोगों ने मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। साथ ही पिकअप गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। सिंगोली (म.प्र.) निवासी रोशन पुत्र बाबूलाल प्रजापत ने प्रकाश प्रजापत निवासी बिजौलियां, गज्जु बंजारा निवासी मालीपुरा व चीमा उर्फ रितेश प्रजापत निवासी बिजौलियां समेत अन्य 8-10 लोगों के खिलाफ बिजौलियां थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार रात्रि को नगर पालिका चौक स्थित बालाजी के मन्दिर में सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन था। इसमें साउण्ड लगाया गया था। सिंगोली से साउण्ड पिकअप में लेकर आया था और कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी सामान गाड़ी में भरकर ले जा रहे थे कि तेजाजी के चौक में आरोपियों ने पिकअप के आगे मोटरसाईकिल लगाकर गाडी को रूकवाया और नीचे उतार कर इनके साथ मारपीट की। सरिये से सिर पर वार किया जिससे गंभीर चोट आई। वहीं आरोपी मोबाईल छीन ले गए और गाडी में भी तोडफोड की। तेजाजी चौक की एक होटल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद मारपीट की घटना के फुटेज पुलिस ने खंगाले। पुलिस ने घटना की रात को ही रोशन का मेडिकल मुआयना करवाया और बुधवार को मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

## सड़क पर कंटीली झाड़ियां, विभाग की अनदेखी बन सकती है जानलेवा



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** बिजौलियां खुर्द से बेरीसाल जाने वाले मार्ग पर पिछले एक महीने में लगातार तीन सड़क हादसे हो चुके हैं। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। हाल ही में हुए हादसे में बिजौलियां खुर्द निवासी बादाम बाई मीणा की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा सत्यनारायण सोनी, महेश पुरी और विनय धाबाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे कंटीली झाड़ियों की अधिकता के कारण मार्ग पर वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते हैं जिससे हादसों की संभावनाएँ बढ़ जाती हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग को ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब झाड़ियों की कटाई, सड़क चौड़ीकरण और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

## शासन सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय अजोध्या बाई करवा उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करवाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने ज्ञापन सौंपा है। शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुनाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है। गोपालपुरिया ने बताया कि ज्ञापन स्थानीय उपखंड कार्यालय में सौंपा गया है।

## पवन कुमार ने सीबीईओ का संभाला अतिरिक्त कार्यभार, स्टाफ ने किया अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** सेठ डेडराज ढाढ़णिया राउमावि, मण्डावा के प्रधानाचार्य पवन कुमार ने गुरूवार को सीबीईओ के पद पर अतिरिक्त चार्ज पदभार ग्रहण करने पर स्टाफ, शिक्षक संघ, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की ओर से उनका माला पहनाकर, शॉफा ओढाकर व मिठाई बांट कर भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर सीबीईओ पवन कुमार ने शिक्षा विभाग के ढांचे को मजबूत करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहां उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधारात्मक कदम उठाए है। उनके कार्यकाल में शिक्षा गुणवता में सुधार, छात्र - छात्राओं की शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाना और शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। नए पद पर कार्यभार संभालते हुए पवन कुमार ने कहा कि वे मण्डावा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेंगे और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। उनका लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में नए दिशा-निर्देशों को लागू करना और छात्र-छात्राओं को एक बेहतर भविष्य प्रदान करना है। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, नुंआ भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष इन्द्राज ढाका, बृजेश सेवदा सरपंच, पार्षद संदीप कुमार परिहार, पूर्व पार्षद धर्मपाल आर्य, संजय मील, सीबीईओ कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार, आनंद कुमार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी संजीव कुमार आर .पी. उत्तम दाधीच, लोकेशकुमार, साक्षरता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मूल सिंह शेखावत, एम.आई.एस कृष्ण सिंह शेखावत, ताराचंद, विजय कुमार, पूजा कुमारी डी आर.डी स्टाफ के संजय कुमार, संदीप कुमार उप प्रधानाचार्य,राजपाल उप प्रधानाचार्य,राकेश कुमार अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, आशीष कुमार लैब असिस्टेंट, विरेन्द्र कुमार वरिष्ठ अध्यापक रामकरण जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

## अभिभाषक संघ के पदों पर चुनाव निर्विरोध

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** वकीलों के चुनावों के लिए मतदान नहीं होगा। दरअसल नामांकन फार्म विड्रा होने के बाद समस्त पदों पर एक-एक प्रत्याशी रहे हैं, जिसके चलते वकीलों के चुनाव निर्विरोध हो गए हैं। चुनाव अधिकारी एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट सूरजमल यादव, उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप कठातला, सचिव पद पर एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, संयुक्त सचिव पद पर महावीर, कोष सचिव पद पर ओमप्रकाश शर्मा, पुस्तकालय सचिव पद पर किसनलाल शर्मा के नामांकन शेष रहे हैं। बाकी सभी प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मधु चोबदार, दशरथसिंह ने बताया कि 12 दिसम्बर को विजयी प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा की जाएगी।

## महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** जाजोद थाना परिसर में गुरुवार को खंडेला ब्लॉक की उड़ान राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड़ जाजोद क्लस्टर में नईं चेतना 4.0 अभियान के अंतर्गत राजीविका महिलाओं की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। नई चेतना अभियान के तहत जाजोद पुलिस थाना परिसर से रैली प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण का संदेश देती हुई संपन्न हुई। केंद्र की अध्यक्ष अनीता कंवर ने बताया कि महिला अधिकारों की जागृति के संबंध में पुलिस थाना जाजोद में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जाजोद एसएचओ गिरधारी लाल डीगवाल ने की। मुख्य अतिथि राउमावि जाजोद की प्रधानाचार्या सुमन तोबडिया रही। एसएचओ गिरधारी लाल ने उपस्थित समस्त महिला सदस्यों और विद्यालय की बालिकाओं को घरेलू हिंसा, महिला हिंसा से संबंधित कानून की जानकारी दी और पुलिस ऐप राज कॉप की ओर से हेल्प लेने का तरीका बताया। प्रधानाचार्या सुमन तोबडिया ने समस्त बालिकाओं और महिला सदस्यों को किसी भी प्रकार की महिला हिंसा का विरोध करके उसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहन दिया। इस दौरान अध्यक्ष अनीता कंवर, सचिव रेणु देवी, कोषाध्यक्ष झमरी देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विष्णु जोशी, महेश कुमार, हेड कॉन्स्टेबल गिरधारी लाल सहित पुलिस थाने का स्टाफ मौजूद रहा।


## *महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के 6 दिवसीय पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ*



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** महिंद्रा प्राइड क्लासरूम की ओर से आयोजित 6 दिवसीय पर्सनालिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ 8 दिसंबर को सरकारी कन्या महाविद्यालय, हेतमसर में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नांदी फाउंडेशन के सौजन्य से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का संचालन देश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर व कॉर्पोरेट ट्रेनर शिखर प्रजापति की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में व्यक्तिगत विकास व पेशेवर दक्षताओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्स, कॉन्फिडेंस बिल्डिंग, कम्युनिकेशन स्किल्स, प्रेज़ेंटेशन स्किल्स तथा इंटरव्यू फेसिंग टिप्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना और उन्हें करियर में सफलता के लिए आवश्यक व्यवहारिक कौशल प्रदान करना है। महाविद्यालय प्रशासन ने नांदी फाउंडेशन और महिंद्रा प्राइड क्लासरूम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के प्रति छात्राओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

## दुष्कर्म व ब्लेकमेल का आरोपी गिरफतार



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** कक्षा 12 की 17 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसे ब्लेकमेल कर रुपयों की डिमांड करने के प्रकरण में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को पुलिस ने गुरुवार को पोक्सो कोर्ट चूरू में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 28 नवंबर को पुलिस में रिपोर्ट दी कि थी कि उसकी पुत्री को शहर का ही इरफान नाम का लड़का स्कूल आते-जाते समय परेशान करता था। युवक की हरकतों से परेशान होकर छात्रा का परिजनों ने दूसरी स्कूल में प्रवेश करवा दिया। लेकिन युवक ने छात्रा को अपनी बातों में बहला फुसलाकर अपने जाल में फंसा लिया और बातें करने लगा। जब परिजनों को घटना का पता चला, तो उन्होंने आरोपी के परिजनों को उलाहना भी दी, लेकिन इरफान ने छात्रा से बात करना नहीं छोड़ा और संदीप नामक युवक उसे छात्रा के दैनिक दिनचर्या की जानकारी देने लगा। साथ ही संदीप छात्रा को उसकी सहेली से दोस्ती करवाने के लिए भी कहने लगा। एक दिन इरफान उसे एक घर में ले गया, जहां पर उसके साथ दुष्कर्म कर उसके अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए और रुपयों की डिमांड करने लगा। आरोपी के खिलाफ 19 नवंबर को एक दूसरे प्रकरण में जब पुलिस में मामला दर्ज हुआ, तो छात्रा ने इरफान उसे परेशान कर रुपए मांगने की घटना के बारे में परिजनों को बताया, जिस पर पिता ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया था।

## श्रीराम कथा में भरत मिलाप का वर्णन सुनकर श्रोता भाव विभोर



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ब्रह्म बगीची स्थित शिव मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीराम कथा का आठवे दिन भावुक कर देने वाला रहा। कथावाचक प्रयागराज के आचार्य वेद दास महाराज ने श्रीराम वन गमन और भरत मिलाप की कथा सुनाई। महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम ने पिता महाराज दशरथ की आज्ञा से 14 वर्ष के वनवास को बिना संकोच स्वीकार किया। यह त्याग और पितृ-आज्ञा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का वन गमन हमें सिखाता है कि जीवन में कर्तव्य और धर्म सर्वोपरि हैं। कथा का दूसरा प्रमुख हिस्सा चित्रकूट में श्रीराम और भरत का मिलाप था। भरत को जब श्रीराम के वनवास और पिता दशरथ के निधन की सूचना मिली,तो वे बहुत दुखी हुए और अयोध्या का राजपाट छोड़कर चित्रकूट पहुंचे। भरत श्रीराम को अयोध्या वापस लाना चाहते थे। कथावाचक ने बताया कि भरत श्रीराम के चरणों में गिर पड़े और दोनों भाइयों की आंखों से अश्रुधारा बहने लगी। श्रीराम ने भरत को समझाया कि पिता की आज्ञा और धर्म का पालन ही जीवन का आधार है। इस मार्मिक प्रसंग को सुनकर मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर परिसर भक्ति भजनों की स्वर लहरियों से गूंजायमान रहा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यशाला आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** रामगढ़ मार्ग स्थित विश्वकर्मा विद्या निकेतन मण्डावा में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक कार्य शाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा के लिए कई रोचक जानकारी दी गई। आज के आयोजन में वक्ताओ ने पर्यावरण के प्रदूषण के कारको के बारे में बताया और पेड़ो की महत्ता का बखान किया। कार्यशाला में विद्यालय के अध्यापक मनोहर सिंह ने भी अपने विचार रखे। अध्यापिका उर्मिला जांगिड़ ने विद्यार्थियो से पर्यावरण समन्धित प्रश्न भी पूछे बच्चो ने उत्साह के साथ जवाब दिया। कार्याशाला में अध्यापिका परमात्मा, ऊषा, डिम्पल, मोनिका आदि ने भी लाग लिया। अन्त में विद्यालय प्रधानाध्यापक बाबूलाल कुमावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शीतकालीन अवधि में अधिकृत किए गए न्यायिक मजिस्ट्रेट में किया आंशिक संशोधन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** वर्ष 2025 में शीलकालीन अवकाशों की अवधि में 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक धौलपुर न्याय क्षेत्र, सेशन खण्ड के लिए जमानत एवं निरोध अवधि में रिमाण्ड संबंधी तथा अन्य आवश्यक सिविल मामलों को निपटाने, आवश्यक एवं दैनिक कार्य किए जाने के लिए पूर्व में 26, 29 व 30 दिसम्बर को सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सैपऊ रेणु कुमार गोयल को अधिकृत किया गया था। जिनके स्थान पर सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा आकाश शर्मा को 26, 29, 30 दिसम्बर के लिए अधिकृत किया गया है। सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सैपऊ रेणु कुमार गोयल को 31 दिसम्बर के लिए अधिकृत किया गया है। धौलपुर न्याय क्षेत्र में 26 दिसम्बर के लिए वरिष्ठ न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह मीणा को अधिकृत किया गया था। जिनके स्थान पर अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश व अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-2 बाड़ी चित्राक्षी सिंह को अधिकृत किया जाता है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
12 दिसम्बर, 2025

# दुबई में तेजाजी के नाम का बजा डंका

## जागरण में सालासर निवासी भामाशाह सामोता के माता पिता का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** दुबई में वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण हुआ। भव्य जागरण में श्री श्री 1008 जगरामपुरी जी महाराज, डीडवाना के पूर्व विधायक चेतन डूडी, बालाजी बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर महेश सामोता मौजूद रहे। सामोता ने दुबई में वर्ष 2008 में अपनी कंपनी की शुरूआत कर अपनी एक अलग पहचान बनाई इसके अलवा भजन गायक तुलछाराम, डांसर भंवर लेगा और निर्मा चौधरी और अनेक राजस्थानी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उद्योपति सामोता के माता पिता ने भाग लिया। जिनका दुबई में प्रवास कर रहे लोगों की ओर से गर्म जोशी से स्वागत किया गया। इसी कार्यक्रम में जुलीयासर गांव के सवाई सिंह भादु का भव्य स्वागत किया गया। सवाई सिंह भादु पिछले चालीस सालों से दुबई में अपना काम कर रहे है। कार्यक्रम में पधारे सभी लोगों का दिनेश सामोता ने आभार प्रकट किया।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन, समाधान की मांग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी की ओर से उपखंड अधिकारी के मार्फत गुरुवार को जिला कलेक्टर को बिजली की समस्याओं को लेकर अवगत करवाया गया। सरकार की ओर से चलाई गई गांव चलों अभियान में ग्रामीणों की बिजली की समस्याओं का समाधान करना था। लेकिन बिजली बोर्ड के अधिकारियों की ओर से धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। सरकार ने सिर्फ वाह वाही लूटी है। आरएलपी नेता रुपचन्द सारण ने बताया कि मेलुसर ग्राम पंचायत के गांव राजास में टेढ़े-मेढ़े बिजली पोल, कटी-फट्टी क्षतिग्रस्त केबिल हादसे को निमंत्रण दे रही है और ग्रामीणों को वोल्टेज समस्याएं भी होती है। काफी बार घरों में बिजली इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गए। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। इसी प्रकार अर्जुन क्लब सरदारशहर पीपल बालाजी मंदिर के पास एलटी लाइन के तीन पोल शिफ्टिंग को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया। लेकिन ध्यान नहीं दे रहे हैं और बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था में बीच में लगे बिजली के पोल समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। जिससे आम आदमी परेशान हो रहा हैं। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी, सांवर मल जाखड़, रुपचंद सारण राजास, शंकर लाल कड़वासरा, राकेश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संस्कृत सरला परीक्षा में 158 विद्यार्थियों ने लिया भाग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** संस्कृत भारती जयपुर की ओर से भारतीय भाषा संस्कृत के संवर्धन की दृष्टि से राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में कक्षा 6 से 8 तक के 158 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। दैनिक जीवन में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि जागृत करने के लिए सरला संस्कृत परीक्षा का आयोजन सरदारशहर के चार परीक्षा केंद्रों में किया गया। संस्कृत भारती चूरू के जिलाध्यक्ष व परीक्षा के समन्वयक डॉ अविनाश पारीक ने बताया कि सरला परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में बहुत उत्साह रहा है। वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार यह सरला संस्कृत परीक्षा संस्कृत संभाषण सहित भाषा कौशलों को अत्यंत परिपुष्ट करती है। सरला परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभागी अगले वर्ष सुगमा परीक्षा दे पाएंगे।

# लक्ष्मणगढ़ में 17 दिसंबर को शहरी समाधान फॉलोअप कैंप

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजस्थान सरकार के नगरीय विकास व स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार लक्ष्मणगढ़ शहर में नगर पालिका में शहरी समाधान के लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए फॉलोअप कैंप आयोजित किया जाएगा। लक्ष्मणगढ़ अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमावत की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि लक्ष्मणगढ़ में कैंप 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नगर पालिका के सभागार कक्ष में आयोजित होगा। कैंप के दौरान शहर के 1 से 45 वार्डों से जुड़े सभी प्रकार के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

# बाइक पर जा रहे सेना के जवान का प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से गला कटा

## लहूलुहान अवस्था में घायल को पहुंचाया अस्पताल

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** मकर संक्रांति का पर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे पतंगबाजी का दौर भी बढ़ता जा रहा है। प्रतिबंध चाइनीज मांझा भी शहर में खुलेआम धड़ले से बिक रहा है। मकर संक्रांति का पर्व अभी भी दूर है लेकिन चाइनीज मांझा का कहर देखने को मिला है। सरदारशहर के



रामदेव कॉलोनी में रहने वाले भारतीय सेना में तैनात 30 वर्षीय श्रवण कुमार भांभू अपने बीवी बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए और चाइनीज मांझे से उनका गला कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में सेना के जवान श्रवण कुमार को लहुलुहान अवस्था में राजकीय उपजिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ लोकेंद्रसिंह राठौड़ ने गले के टांके लगाए हैं। डॉ लोकेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि कल शाम को मेरे पास इमरजेंसी में कॉल आया तो मैं अस्पताल में आकर देखा तो प्रथम दृश्य ऐसा लग रहा था कि किसी धारदार हथियार से गले पर कट लगा हुआ है। बाद में देखने पर पता चला कि घाव करीब 3 सेंटीमीटर तक गहरा था और साइड में काफी दूर तक हल्का घाव हो रखा था। जिसको देखने के बाद पता चला कि यह चाइनीज मांझे से कटा हुआ है। तुरंत ब्लड को रोककर इलाज शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि चाइनीज मांझा इतना खतरनाक है कि घाव थोड़ा सा अगर और गहरा होता तो मरीज की जान भी जा सकती थी। सेना के जवान श्रवण कुमार ने बताया कि मैं अपनी बीवी बच्चों के साथ घर जा रहा था तभी चाइनीज मांझा पहले मेरी छाती पर लगा और फिर गले पर आ गया जिससे मेरा गला कट गया और खून बहने लगा। उन्होंने बताया कि मैं भारतीय सेना में तैनात हूं और छुट्टी पर घर आया हुआ हुं। विप्र फाउंडेशन के नगर अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने बताया कि हमारी ओर से लगातार पिछले चार-पांच सालों से चाइनीज मांझा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और रोकथाम के लिए प्रशासन को ज्ञापन भी दिए जा रहे हैं। लेकिन प्रशासन की ओर से महज चाइनीज मांझे को जप्त कर खानापूर्ति कार्रवाई की जाती है। चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होती है। जिसके चलते उनके हौसले बुलंद है। उन्होंने कहा कि चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# बौद्धिक व सृजनात्मक कौशल अभिवृद्धि के लिए ज़िला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

जयपुर टाइम्स




**चूरू(निस)।** राजकीय सर्वहितकारिणी बालिका उ.मा.वि. (पुत्री पाठशाला) चूरू में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की ओर से सत्र 2025-26 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए ज़िला स्तरीय बौद्धिक एवं सृजनात्मक कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अमर सिंह कसवां ने समस्त प्रतियोगियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये व अंत में विजेताओं के नाम की घोषणा की। उप-प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद ने समस्त प्रतियोगिताओं की व्यवस्था की। प्रश्नोत्तरी में प्रथम रतनगढ़ ब्लॉक से बाबूलाल द्वितीय सुजानगढ़ ब्लॉक से अंकिता सुथार तृतीय रतनगढ़ ब्लॉक से रितिका चारण रही। निबंध लेखन में प्रथम छापर ब्लॉक से तमन्ना स्वामी द्वितीय राजगढ़ ब्लॉक से भारती तृतीय सरदारशहर ब्लॉक से गुंजन रही। आशु भाषण में प्रथम चूरू ब्लॉक से मेघना तंवर द्वितीय सुजानगढ़ ब्लॉक से रोजा खान तृतीय तारानगर ब्लॉक से स्नेहा रही। चित्रकला में प्रथम तारानगर ब्लॉक से मोहित द्वितीय सुजानगढ़ ब्लॉक से विष्णु शर्मा तृतीय चूरू ब्लॉक से अलवीरा रही। एकल गायन में प्रथम गणेश (बीदासर), द्वितीय रक्षा (छापर), तृतीय हर्षित परिहार (रतनगढ़) रहे। प्रतियोगिता में संगीता सिंघी, रणधीर सिंह, जमना शर्मा, विद्याधर शिवरान, माधुरी शर्मा, राज कंवर, रामसिंह सिंहाग, शारदा, सुशिला, राजेन्द्र चौबे, प्रभुदयाल सैनी, लक्ष्मी शर्मा, आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में सुभाष लाटा, राजकुमार सिंह, विद्या गढ़वाल, मंजू सोनी, राजेश कस्वां, बेगराज कसवां, आदि ने प्रभारी की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को बोर्ड द्वारा 7500 रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 6000 रुपये व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को 5000 रुपये व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सुभाष शर्मा ने किया।

# भामाशाह मुरली मनोहर का सारोठिया में भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव सारोठिया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को भामाशाह की ओर से जूते व जुराब वितरित किए गए। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 6 से आठवीं तक के सभी नामांकित 77 विद्यार्थियों को भामाशाह मुरली मनोहर टाक (मुनीमजी) के आर्थिक सौजन्य से जूते व जुराब वितरित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य गोपाललाल यादव ने की। मुख्य अतिथि सुजानगढ़ ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी सुनीता पूनिया ने विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर बल देते हुए राष्ट्र की प्रगति में उनके योगदान को रेखांकित किया और भामाशाह के इस पुनित कार्य के लिए साधुवाद दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीराम मंगलम् अस्पताल, लाडनू के चिकित्सक श्याम सुंदर सैनी ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए उनके सर्वांगीण विकास को रेखांकित करते हुए योग व खेल गतिविधियों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। अति विशिष्ट अतिथि भामाशाह मुरली मनोहर टाक (मुनीमजी), पूर्व सरपंच पुरखाराम मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि तखुराम बाबरी, वार्ड पंच बंशीधर सेन, संस्कृत विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामसुंदर पारीक मंचस्थ रहे। भामाशाहों को प्रेरित करने वाले शाला के अध्यापक सतपाल सिंह मीणा का मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता पूनिया ने साफा व शोल ओढ़ाकर सम्मान किया। अतिथियों का स्वागत लिछमणराम गोदारा, रामलाल कंसोटिया, दामोदर दंतुसलिया, मूलाराम कताला, जीवनदान देवल, राजकुमारी मीना, सुमित्रा गोदारा, सोहनलाल मेघवाल, दिलीप सिंह राठौड़, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार, हरजीराम कताला, राजेंद्र डुडी, लूणदास स्वामी आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने किया।

# विधायक ने 300 छात्रों के लिए प्रदान किया फर्नीचर



## 15 माह के कार्यकाल में 32 लाख के कराए विकास कार्य

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़ (नि.सं.)। कस्बे के निकटवर्ती गांव मलसीसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य धर्म सिंह मीना के आग्रह पर, सरपंच मुकेश मेघवाल की प्रेरणा से विधायक मनोज मेघवाल द्वारा विधायक कोष से 300 छात्रों को बैठने के लिए शानदार फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया है। इस फर्नीचर पर कक्षा 1 से आठ तक के विद्यार्थी बैठकर अध्ययन करेंगे। फर्नीचर प्राप्त करने पर सभी बच्चे बहुत खुश हुए और प्रधानाचार्य, सरपंच और विधायक का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धर्म सिंह मीना ने कहा कि जब भी बच्चों को नीचे बैठे देखता, तो अच्छा नहीं लगता और बच्चों को फर्नीचर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया। जिसके लिए सरपंच मुकेश मेघवाल की ओर से विधायक मनोज मेघवाल से आग्रह किया, जिस पर विधायक ने फर्नीचर उपलब्ध करवाया। मीना ने बताया कि 15 माह के कार्यकाल में 32 लाख के विकास के कार्य इस विद्यालय में करवाये गए हैं। जिसमें प्रधान पंचायत समिति मनभरी देवी मेघवाल, सरपंच मुकेश मेघवाल के सहयोग से 16 लाख की लागत से तथा विधायक मनोज मेघवाल की ओर से 10 लाख का फर्निचर, स्टाफ और भामाशाहों के सहयोग से 6 लाख की लागत से पानी की टंकियां, सीसीटीवी कैमरे, स्टेज और अन्य विकास कार्य करवाए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र स्वामी, मनोज कड़वासरा, विमला देवी, पिंकी ढ़िढारिया, गोगा ढाका, भंवरसिंह, आसूराम, रूघाराम, मगना, सुशीला मीना सहित सभी स्टाफ ने विधायक का आभार जताया।

# शैक्षिक भ्रमण दल ने किया इन्डस्ट्रियल एरिया का भ्रमण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** राजकीय प्रकाश उच्च माध्यमिक विद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण दल ने गुरुवार को शहर के संचियालाल बैद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और इंडस्ट्रियल एरिया का भ्रमण किया। संस्था प्रधान विक्रमसिंह चौहान ने बताया कि विद्यालय के 80 विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा में ऑटोमोबाइल/ऑटोमोटिव विषय के अंतर्गत आईटीआई में संचालित विविध कौशल प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त की। आईटीआई के सहायक निदेशक गौरव फुलवाड़िया, समूह अनुदेशक राजेंद्र कुमार रैगर, अनुदेशक विकास सुथार, दीपक महर्षि, बृजलाल बेनीवाल, लक्ष्मण दास स्वामी, भागीरथ सिंह, विष्णु शर्मा, सुभाष चारण, सिकंदर हुसैन, अनिल कुमार, निशांत शर्मा ने विद्यार्थियों को आईटीआई में संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, डीजल मैकेनिक, टर्नर, फीटर आदि सभी आठ ट्रेड्स की बहुपयोगी जानकारी दी। इसके पश्चात भ्रमण दल ने इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गणेश एक्सपोर्ट्स, मारुति सर्विस और संतोष पॉलिमर्स फैक्ट्री में मशीनों और व्यावसायिक गतिविधियों का अवलोकन किया। भ्रमण दल में विद्यार्थियों के साथ संस्था प्रधान विक्रम सिंह चौहान, एसएमसी अध्यक्ष ओमप्रकाश गाडगिल, व्याख्याता मधुबाला टेलर, शिक्षक राकेश गहलोत शामिल रहे।

## टिब्बी एथेनॉल फैक्ट्री मामला :

# कांग्रेस सरकार ने अनुमति दी और कांग्रेस के नेता ही कर रहे विरोध: सुमित गोदारा

## कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी : जोगाराम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के हनुमानगढ़ के टिब्बी क्षेत्र में एथेनॉल फैक्ट्री के विरोध में बुधवार को हुई हिंसा को लेकर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा और जोगाराम पटेल ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया इन दोनों ही मंत्रियों ने जोर देकर कहा कि इस फैक्ट्री की अनुमति कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ही दी थी उस समय कांग्रेस पार्टी की सरकार ने किसानों की भलाई और बेरोजगारी की समस्या को दूर करने की बात कह कर इस फैक्ट्री की मंजूरी दी और अब कांग्रेस पार्टी के नेता ही किसानों को गुमराह करके इस फैक्ट्री का विरोध कर रहे हैं उन्होंने कहा कि





बुधवार को जो घटना हुई वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है प्रशासन और पुलिस लगातार आंदोलनकारी लोगों से बातचीत करने का प्रयास कर रही थी लेकिन आंदोलनकारी ने बातचीत के बजाय हिंसा का रास्ता अपनाया जो ठीक नहीं है उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ है और प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में किसानों के कल्याण और विकास के लिए कई तरह के बड़े कदम उठाए हैं कई बड़े फैसले लिए हैं इसलिए प्रदेश की भजनलाल सरकार कभी भी किसानों का अहित नहीं सोचती लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता इस फैक्ट्री के नाम पर राजनीति कर रहे हैं और किसानों को गुमराह कर रहे हैं जो ठीक नहीं है दोनों ही मंत्रियों ने साफ कहा है कि कानून को हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बक्शा जायेगा हिंसा की इजाजत नहीं दी जाएगी कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा और जोगाराम पटेल ने कहा कि बुधवार को भी प्रशासन की ओर से बार-बार आंदोलनकारी को बातचीत का न्योता दिया जा रहा था और अब भी लगातार न्योता दिया जा रहा है बातचीत के माध्यम से ही हल निकलता है हिंसा के माध्यम से कोई मामला नहीं सुलझता लेकिन प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन और पुलिस की जिम्मेवारी है इसलिए जो प्रदेश की कानून और शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी उल्लेखनीय है कि एथेनॉल फैक्ट्री के विरोध में इलाके के किसान पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं किसानों का कहना है कि इस फैक्ट्री का संचालन होने से इलाके में प्रदूषण फैलेगा और जमीन भी उपजाऊ नहीं रहेगी इसलिए फैक्ट्री की अनुमति नहीं दी जाए जबकि दूसरी ओर सरकार से जुड़े लोगों का कहना है कि इस फैक्ट्री की अनुमति कांग्रेस पार्टी की सरकार ने दी थी और अब कांग्रेस पार्टी के नेता ही इस फैक्ट्री का विरोध कर रहे हैं सरकार से जुड़े लोगों का कहना है कि यह एक बड़ा प्रोजेक्ट है जिसमें फैक्टरी प्रशासन की ओर से भरोसा दिलाया गया है कि ना तो प्रदूषण जैसी कोई समस्या होगी और ना ही जमीन को कोई नुकसान होगा सरकार से जुड़े लोगों का यह भी कहना है कि यह 450 करोड रुपए का बड़ा प्रोजेक्ट है जिसमें क्षेत्र के लोगों को रोजगार भी मिलेगा इसलिए इस फैक्ट्री से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी लेकिन किसानों का कहना है कि इस फैक्ट्री के संचालन से उनकी जमीन खराब हो जाएगी और इलाके में प्रदूषण की जबरदस्त समस्या हो जाएगी । इसलिए किसान कई दिनों से इस फैक्ट्री के विरोध में आंदोलन पर हैं बुधवार को करीब 4000 आंदोलनकारी जबरन फैक्ट्री में घुस गए और वहां पर दर्जन भर से ज्यादा गाड़ियों को आग लगा दी व्यापक वहां पर तोड़फोड़ की गई इस मामले मेंपुलिस और आंदोलनकारी के बीच हिंसक झड़प हुई जिसमें पांच पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं और दर्जन भर आंदोलनकारी भी घायल हो गए थे पुलिस ने उग्र आंदोलनकारी को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठियां भी बरसाई थी इसके बाद से ही इलाके में तनाव व्याप्त है ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।